**जयपुर, (का.सं.)।** जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने फ्लैट की बुकिंग की राशि लेने के बाद भी तय अवधि में फ्लैट का कब्जा नहीं देने को सेवा दोष माना है। इसके साथ ही आयोग ने बिल्डर रवि सूर्या अफोर्डेबल होम्स पर 55 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। आयोग ने बिल्डर को निर्देश दिया है कि वह परिवादी को बुकिंग के तौर पर वसूल की गई 1.38 लाख रुपए की राशि 9 प्रतिशत ब्याज सहित लौटाए। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना व सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश लाखन सिंह के परिवाद पर दिए।

परिवाद में कहा गया कि उसने बिल्डर के प्रोजेक्ट सूर्या रेजीडेंसी में बुकिंग राशि देकर 2 बीएचके का फ्लैट बुक करवाया था। बिल्डर के प्रतिनिधि ने कहा कि यह प्रोजेक्ट 2019 तक पूरा हो जाएगा और वह उसे 20 दिन में ही बकाया राशि का लोन करवा देगा। इसके बावजूद भी प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं हुआ। उसने जब विपक्षी के कर्मचारियों से अपनी जमा राशि वापस मांगी तो वे पहले तो टालमटोल करते रहे, लेकिन बाद में उसे डराया कि दुबारा संपर्क किया तो हाथ-पैर तोड देंगे।

# दुष्कर्म करने के आदतन अभियुक्त जीवाणु को एक बार फिर उम्रकैद

**जयपुर, (का.सं.)।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर द्वितीय ने नाबालिगों से दुष्कर्म करने के आदतन अभियुक्त सिकंदर उर्फ जीवाणु को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख तीन हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। यह प्रकरण चार साल की बच्ची से दुष्कर्म कर जीभ काटने से जुडा है। अभियुक्त सात साल की नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक महावीर सिंह किशनावत ने अदालत को बताया कि 23 जून, 2019 को पीडिता के चाचा ने शास्त्री नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी चार साल की भतीजी रात करीब दस बजे खेलती-खेलती घर से बाहर निकल गई थी। पुलिस और परिजनों के काफी तलाश करने के बाद भी उसका पता नहीं लगा। वहीं रात करीब दो बजे कोई उसे घर के थोडी दूरी पर छोडकर चला गया। अस्पताल जाने पर पता चला कि उसके साथ दुष्कर्म हुआ है और जीभ काटी गई है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को कोटा से गिरफ्तार किया। सुनवाई के दौरान पीडिता ने अदालत को बताया कि अभियुक्त उसे मोटर साइकिल पर बैठाकर नाले में ले गया था और उसके साथ गलत काम किया। जब वह चिल्लाई को अभियुक्त ने चाकू से उसकी जीभ काट दी। जिस पर सुनवाई करते अदालत ने अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।


**आम सूचना** दिनांक-06.07.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री भागचन्द गुजराती पुत्र स्व. श्री छीतरदास गुजराती जाति बाल्मिकी निवासी डी. 93, झालाना फेज-3 सरकारी डिस्पेंसरी के पीछे, जयपुर, राजस्थान का पुत्र अरविन्द कुमार व उसकी पत्नी कविता मेरे मुवक्किल के कहने में नहीं है और अकेले गुजर-बसर करने का इरादा रखते है एवं अपनी मर्जी मुताबिक जिन्दगी बसर कर रहे है ये दोनों आए दिन मेरे मुवक्किल व उसके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अभद्रता करते है व बदतमीजी से पेश आते है जिस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र अरविन्द कुमार व उसकी पत्नी कविता को अपनी समस्त अच-अचल सम्पत्ति एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है एवं आज दिन से ये दोनों कोई भी ऐसा कृत्य करते है जिससे किसी को कोई भी हानी का सामना करना पडे तो उसके जिम्मेदार ये दोनों स्वयं होंगे एवं जो कोई व्यक्ति इनसे किसी भी तरह का संव्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सूचित रहे।

रोहित तिवारी, एडवोकेट
(राजस्थान हाई कोर्ट, जयपुर),
मो. 8233994755

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय**
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर- 0141-4901853
क्रमांक : 2698 **जाहिर आम सूचना** दिनांक : 05.07.2024

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास/फ्लैट संख्या-1/एफ/41 (भू-तल) मालवीय नगर, जयपुर क्षेत्रफल 118.07 वर्ग मीटर का आवंटन श्री आर.एस. यादव (राम सूरत यादव) को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 146 दिनांक 13.05.1994 जारी किया गया। उनके द्वारा उक्त आवास/फ्लैट के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर, प्रथम में दिनांक 19.12.2008 को करवाया गया। श्री आर.एस. यादव (राम सूरत यादव) की मृत्यु दिनांक 06.10.2018 को हो जाने के कारण श्रीमती प्रतिमा यादव पत्नी स्व. श्री आर.एस. यादव (राम सूरत यादव) के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, पंजीकृत हकत्याग की छाया प्रति एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास/फ्लैट का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अत: उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेनदनकर्ता श्रीमती प्रतिमा यादव पत्नी स्व. श्री आर.एस. यादव (राम सूरत यादव) के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी। सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल जयपुर


# डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्र को समर्पित किया अपना जीवन : मंजू शर्मा

- 'उनके नारे "एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे" को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया साकार'

**जयपुर।** जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित की गई। इस दौरान जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. मुखर्जी ने अपने जीवन को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर दिया था। कश्मीर को लेकर डॉ मुखर्जी ने नारा दिया था कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। इस नारे को 70 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने 70 मिनट में पूरा करते हुए कश्मीर से धारा 370 और 35 ए हटाने का ऐतिहासिक काम किया। वहीं दूसरी ओर कुछ राष्ट्र विरोधी लोग और राजनैतिक पार्टियां कश्मीर के मामले को यूएन में ले जाने का काम कर रहे थे, धारा 370 के बिल को संसद में फाड़ने का काम कर रहे थे, ऐसी राष्ट्र विरोधी शक्तियों को कमजोर करने के लिए भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को एकजुट होकर डॉ मुखर्जी के पदचिन्हों पर कार्य करने की आवश्यकता हैं।

जयपुर सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश में पंडित नेहरू की परमिट व्यवस्था का भी विरोध किया था। इसी विरोध के स्वरूप उन्होंने राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दे दिया, लेकिन उनके बलिदान को जनसंघ के बाद भारतीय जनता पार्टी ने समझा और आज कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। डॉ. मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धान्तवादी नेता थे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी और शिक्षाविद् डॉ मुखर्जी के जीवन चरित्र को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। डॉ मुखर्जी उस दौर में जो विचार लेकर चले थे, उनके विचारों को देश में समझने वाला कोई नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने अपने विचारों को आगे बढाया। हमें डॉ. मुखर्जी की विचारधारा को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। डॉ. मुखर्जी के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा करने का काम किया। कश्मीर में जिन हाथों में पत्थर हुआ करते थे, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन हाथों को रोजगार देकर उनके परिवारों को आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया है। पुष्पांजली कार्यक्रम के दौरान भाजपा के संगठक प्रद्युम्न कुमार, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी और भाजपा मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व में की गई सेवा का वेतन संरक्षित करने के आदेश

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2018 में चयनित अभ्यर्थी का समान पद पर पूर्व में की गई सेवा व वेतन संरक्षित करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस अनुप कुमार ढंड ने यह आदेश बनवारी लाल चौधरी व अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता का तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2013 में चयन हुआ था। इस भर्ती में उसे बाडमेर जिला आवंटित हुआ था। वहां सेवा देने के बाद वर्ष 2018 में निकली तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में उसका चयन हो गया और उसे जयपुर जिला आवंटित हो गया। याचिका में कहा गया कि उसकी समान पद पर ही दूसरी नियुक्ति हुई है। ऐसे में राजस्थान सेवा नियम के नियम 24 के तहत उसके वर्तमान वेतन को संरक्षित किया जाए और पूर्व में की गई सेवाकाल की गणना भी की जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता की पूर्व की सेवाकाल की गणना करते हुए वेतन को संरक्षित करने के आदेश दिए हैं।

# कोर्ट ने 12.75 लाख रुपए का क्लेम खारिज किया

- बीमा कंपनी को वाहन चोरी की सूचना 317 दिन की देरी से देने का मामला

**जयपुर, (का.सं.)।** जिले की स्थाई लोक अदालत ने वाहन चोरी की सूचना बीमा कंपनी को 317 दिन की देरी से देने और चोरी की एफआईआर 20 दिन बाद दर्ज कराने को संदिग्ध मानकर 12.75 लाख रुपए का क्लेम खारिज कर दिया। स्थाई लोक अदालत ने कहा कि वाहन चालक को ऐसा कौनसा जरूरी काम था, जो वाहन में ही चाबी लगाकर चला गया और दूसरे दिन मौके पर आया। वहीं वाहन के मालिक ने चोरी की एफआईआर भी बीस दिन बाद दर्ज क्यों नहीं कराई। वहीं बीमा कंपनी को चोरी की सूचना 317 दिन की देरी से देना भी बीमा शर्तो का उल्लंघन है। ऐसे में परिवादी बीमा क्लेम लेने का अधिकारी नहीं है। लोक अदालत ने यह आदेश किरण सिंह का परिवाद खारिज करते हुए दिए। बीमा कंपनी के अधिवक्ता ने बताया कि परिवादी ने अपने ट्रेलर का बीमा 12 लाख रुपए में बीमा कंपनी से करवाया था। इसकी अवधि 28 नवंबर 2020 से 27 नवंबर 2021 थी। इस दौरान बीमित वाहन 15 दिसंबर 2020 को ही कोटपुतली थाना क्षेत्र से चोरी हो गया, लेकिन वाहन चालक ने बीमा कंपनी को चोरी की सूचना नहीं दी और एफआईआर भी 20 दिन की देरी से दर्ज कराई। वहीं जांच में आया कि चालक खुद ही वाहन की चाबी उसमें लगाकर चला गया था और सुबह वापस आया तो वाहन उसे नहीं मिला। वाहन चालक ने बीमा कंपनी में क्लेम किया, लेकिन कंपनी ने उसे गलत मानते हुए 29 नवंबर 2021 को खारिज कर दिया। इसे परिवादी ने स्थाई लोक अदालत में चुनौती दी थी।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम सुनीता सैनी से बदलकर दीपा सोलंकी पत्नी श्री जितेन्द्र कुमार रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। निवासी 3986 एमएसबी का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर

मैं आर्मी नम्बर 16022822A L/Hav. Satendra Singh Rajawat S/o Lakhan Singh Rajawat R/o BTI Road, Santosh Nagar, Bhind M.P. Pin 477001. आर्मी सर्विस रिकोर्ड में मेरी धर्मपत्नी का नाम Vandna Rajawat गलत दर्ज है सही नाम Vandana Rajawat Vide Affidavit BV 993613 Dated 06.07.2024

I have correct my husband name from Sayed Ikram Hussain Naqvi to Sayed Ikram Hussain for all puspose. Sayed Sultana Hussain (Wife), 835, Naqvi House, Mohalla Bisatiyan, Ramganj Bazar, Jaipur.

I have changed my name from Manish Kumar Sharma to Manish Sharma for all purposes R/o 16, Dev Nagar-A Jaysinghpura Khor Jaipur.

I army no. 14224294 Ex Sigmn banwari lal moond S/o Ganpat ram moond R/o Plot No. 109-4c jamnapuri murlipura scheme jaipur that I have changed my name From Banwari Lal Moond to Banwari Lal S/o Ganpat ram (as per aadhar card & other documents) vide affidavit dated 3 July 24 before district notary Jaipur.

No.6
Notice To Respondent Of The Day Fixed For The Hearing Of The Appeal
[O.41 Rule 14 C.P.C.]
In the Court: High Court of Judicature for Rajasthan at Jaipur Bench, Jaipur.
Appellant Santra Respondent Bhanwar Lal & Ors.
S.B. CIVIL FIRST APPEAL NO. 337/2021
along with
S.B. CIVIT MISC. STAY APPLICATION 28498/2021
Claim For-Specific Performance, Possession, Mesne Profit & Declaration, Injunction
Appeal against the Decision at the Court: Additional District Judge No.1, Jaipur Metropolitan Second, Jaipur
Dated: 27th Day of August, 2021
In Civil Original Case No. 443/2012

TO
1. Manju W/o Late Hansraj Joshi, Resident of Plot No. 66/67, Lohiya Bhawan Kanti Nagar, Polovictory ke Samne, Jaipur.
2. Hitesh S/o Late Hansraj Joshi, Resident of Plot No. 66/67, Lohiya Bhawan Kanti Nagar, Polovictory ke Samme, Jaipur.
3. Bhawana D/o Late Hansraj Joshi, Resident of Plot No. 66/67, Lohiya Bhawan Kanti Nagar, Polovictory ke Samne, Jaipur.

Take notice that an appeal from the decree of ADJ NO. 1 Jaipur Metropolitan Second in this case has been presented by deponent and registered in this court, and that the 12.07.2024 day..... of 2023 has beem fixed by this court for the hearing of this appeal.
If no appearance is made on your behalf by yourself. your pleader or by some one by law authorised to act for you in this appeal, it will be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of the court, this day 01.07.2024 of___

SEAL
प्रशासनिक अधिकारी न्यायिक
राजस्थान उच्च न्यायालय पीठ, जयपुर


## माथुर ने लगाया एक पेड़ माँ ने नाम

**जयपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य ओमप्रकाश माथुर ने प्रधानमंत्री के आव्हान पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत मानसरोवर स्थित अपने आवास के बाहर पेड़ लगाए। इस अवसर पर पूर्व विधायक मानसिंह किन्सरिया स्थानीय पार्षद व निगम में चेयरमैन हरीश शर्मा के साथ कॉलोनी के निवासी उपस्थित रहे।


नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को हरियाणा का प्रभारी बनाकर किसानों का मान बढ़ाया : डॉ. सतीश पूनिया




हरियाणा भाजपा का प्रभारी बनाए जाने पर डॉ. सतीश पूनिया को कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

**जयपुर।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा डॉ. सतीश पूनिया को हरियाणा भाजपा प्रदेश प्रभारी बनाये जाने पर प्रदेशभर से जयपुर पधारे कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने डॉ. सतीश पूनियां को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित समस्त केंद्रीय नेतृत्व का हार्दिक आभार-अभिनंदन व्यक्त किया।

इस दौरान सतीश पूनिया ने जयपुर में राणी सती नगर स्थित अपने जनसंवाद केंद्र पर जनसुनवाई की, जो वह जयपुर रहने के दौरान पिछले कई वर्षों से सुबह 8 से 11 बजे तक प्रदेशभर से पधारे कार्यकर्ताओं एवं आमजन से मुलाकात कर जनसुनवाई करते हैं।

सतीश पूनिया ने कहा कि हरियाणा राज्य के प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी प्रदान करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन व्यक्त करता हूं कि राजस्थान प्रदेश के सामान्य किसान परिवार में जन्मे मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को हरियाणा का प्रभारी बनाकर राजस्थान, हरियाणा सहित समस्त देश के किसानों का मान बढ़ाया है, इससे पहले राजस्थान जैसे बड़े प्रदेश का अध्यक्ष बनाकर भी भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने किसानों का सम्मान बढाया था। उन्होंने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में किसानों एवं खिलाड़ियों की धरती हरियाणा में जनता के आशीर्वाद एवं कार्यकर्ताओं के परिश्रम से फिर से प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि, हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार हरियाणा प्रदेश के विकास के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है, वहीं नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार और हरियाणा की नायब सैनी सरकार की जनहितकारी नीतियों पर हरियाणा की सभी 36 कौम की किसान सरदारी, युवा एवं माता बहनें अपने आशीर्वाद से विश्वास की मुहर लगाएंगे और तीसरी बार भाजपा हरियाणा में जीत की हैट्रिक लगाकर प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएगी।


**आवश्यकता**

आवश्यकता है पार्ट टाइम कम्प्यूटर ऑपरेटर्स की जो हिन्दी में पेजमेकर, क्वार्क और वर्ड में काम कर सकें।
कार्य समय: सांय 8.00 से 12.00
सम्पर्क करें: अमित
मोबाईल नं.: 7905717804
राष्ट्रदूत
चमेली वाला मार्केट, जयपुर

# रतनपुर बॉर्डर पर 70 लाख का सोना, 26 लाख की नगदी पकड़ी, तीन गिरफ्तार

## तीनों आरोपी बैग लेकर पैदल जा रहे थे, संदिग्ध होने पर पुलिस ने रोककर तलाशी ली

- पुलिस तीनों ही आरोपियों से नकदी और सोने के बारे में पूछताछ कर रही है

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर पैदल जा रहे तीन लोगों से लाखों का सोना और कैश पकड़ा है। तीन थैलों में 70 लाख का सोना और 26 लाख रुपए का कैश मिला है। पुलिस तीनों ही आरोपियों से नकदी और सोने के बारे में पूछताछ कर रही है।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी ने बताया कि अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर गाड़ियों की तलाशी ली जा रही थी। उदयपुर से अहमदाबाद नेशनल हाईवे-48 पर रतनपुर बॉर्डर पर तीन व्यक्ति गाड़ी से उतरे। तीनों पैदल-पैदल जा रहे थे। उनके पास पीठ पर थैले लटके हुए थे। संदिग्ध होने पर तीनों को रोका और पूछताछ की। इस पर तीनों ही घबरा गए। पुलिस ने उनके थैलों की तलाशी ली। थैलों में पैकेट बनकर सोने के जेवरात और कैश भरा हुआ था। तीनों ही लोग जेवरात और कैश को लेकर कोई जवाब नहीं दे सके। इस पर पुलिस ने जेवरात और कैश पकड़ लिया।

पुलिस ने उनके पास से 962.05 ग्राम सोने के जेवरात और टुकडे बरामद किए हैं, जिसकी बाजार कीमत करीब 70 लाख रुपए बताई जा रही है। वहीं, 26 लाख 9 हजार 740 रुपए की नकदी पकड़ी है। पुलिस ने जेवरात और कैश ले जा रहे नरेंद्र कुमार जोगसन पुत्र गोंगाराम मेघवाल निवासी भेव, थाना पालडी जिला सिरोही, मुकेश कुमार पुत्र गणेशाराम मेघवाल निवासी उथमान थाना पालडी सिरोही और चंदूलाल पुत्र जैसाजी सेन निवासी कुम्हारों का वास गोल, थाना बारलूट सिरोही को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस तीनों से पूछताछ कर रही है।

रतनपुर बॉर्डर पर पैदल जा रहे तीन लोगों को लाखों का सोना और नकदी के साथ गिरफ्तार किया।

# चौरासी विधानसभा सीट उपचुनाव में बीएपी का कांग्रेस से गठबंधन से इंकार

## चौरासी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) अकेले चुनाव लड़ेगी

- सांसद राजकुमार रोत ने चौरासी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस से किसी भी प्रकार के गठबंधन से इंकार किया
- सांसद राजकुमार रोत के इस ऐलान के बाद इस सीट पर होने वाले उप चुनाव में त्रिकोणीय संघर्ष होने की संभावना है

**उदयपुर, (कासं)।** बांसवाड़ा डूंगरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद राजकुमार रोत ने चौरासी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस से किसी भी प्रकार के गठबंधन से इंकार किया है। रोत के इस ऐलान के बाद इस सीट पर होने वाले उप चुनाव में त्रिकोणीय संघर्ष होने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि राजकुमार रोत के सांसद बनने के बाद चौरासी विधानसभा सीट खाली हो गई है। राजकुमार रोत चौरासी विधानसभा सीट से विधायक थे। भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) और कांग्रेस का गठबंधन हुआ था। राजकुमार रोत इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ा और बांसवाड़ा लोकसभा सीट से सांसद निवार्चित हुए। इसके पहले वे चौरासी विधानसभा क्षेत्र से भारत आदिवासी पार्टी के विधायक थे, सांसद बनने के बाद उन्होंने से इस्तीफा दे दिया। चौरासी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) अकेले चुनाव लड़ेगी। भारत आदिवासी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने प्रभारी नियुक्त कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार डूंगरपुर जिले की चौरासी विधानसभा सीट पर पिछले दो चुनावों से भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) का कब्जा है, बीएपी के राजकुमार रोत यहां से लगातार दूसरी बार विधायक बने थे। पिछले चुनाव में राजकुमार रोत ने भाजपा के सुशील कटारा को 70 हजार मतों से हराया था। चौरासी विधानसभा सीट पर कांग्रेस की जमानत जब्त हो गई थी। चौरासी विधानसभा क्षेत्र में बीएपी की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। विधायक के उप चुनाव में बीएपी इस सीट पर कब्जा बनाए रखने के लिए पूरा प्रयास करेगी। वहीं सत्तारूढ पार्टी भाजपा भी इस बार बीएपी का गढ़ ढहाने का इरादा लेकर मजबूती से चुनावी मैदान में उतरने के मूड में है। पिछले चुनाव में कांग्रेस पार्टी यहां तीसरे स्थान पर थी, कांग्रेस के उम्मीदवार ताराचंद भगोरा की जमानत जब्त हो गई थी।

चौरासी सीट पर उप चुनाव के लिए संभावित उम्मीदवारों की बात करें तो भाजपा से पूनावाडा सरपंच मनोहरलाल डामोर, बडगामा सरपंच कांतिलाल अहारी, भचडयिा सरपंच गट्टूसिंह डामोर, गंधवा सरपंच ईश्वर विहात, पूर्व प्रधान महेंद्र बरजोड में से कोई एक हो सकता है। जबकि कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों में कांग्रेस से पूर्व प्रधान निमिषा भगोरा, सीमलवाडा सरपंच रूपचंद भगोरा, भादर सरपंच विनोद कटारा, कारीलाल बुझ और महेंद्र भगोरा के नाम शामिल है। बीएपी में पोपट खोकरिया और अनिल चिखली के नाम चर्चा में है, लेकिन पार्टी में उम्मीदवार चयन को लेकर बनी हुई सलेक्शन प्रणाली में कोई ओर नाम भी आ सकता है। चुनावी समीकरण की बात करें तो लोकसभा चुनाव में बीएपी और कांग्रेस का गठबंधन हुआ था, जिसकी वजह से कांग्रेस ने बीएपी के राजकुमार रोत को अपना समर्थन देते हुए उम्मीदवार नहीं उतारा था।

गठबंधन की बात आती है तो उम्मीदवार किस पार्टी का होगा यह आने वाले समय में ही तय होगा, लेकिन यहां गठबंधन के आसार कम ही है, क्योंकि लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद नवनिर्वाचित सांसद राजकुमार रोत ने कांग्रेस से गठबंधन की बात को नकारते हुए कहा था कि कांग्रेस ने उन्हें समर्थन दिया था, गठबंधन नहीं हुआ था।

बीएपी अपनी परंपरागत और मजबूत सीट पर किसी भी पार्टी से समझौता नहीं करना चाहेगी, इसलिए चौरासी सीट पर उप चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं। उपचुनाव में भाजपा भी सरकार होने का फायदा उठाते हुए चौरासी सीट पर पूरी ताकत लगाने के मूड में है।

# ट्रक ने 66 भेड़ों सहित चरवाहे को कुचला

- मृतक के परिजनों ने गाड़ी की तलाश कर ड्राइवर पर हत्या का मामला दर्ज करवाने व मुआवजे की मांग की
- जैसलमेर-बाड़मेर सड़क मार्ग पर हुआ हादसा, सीसीटीवी से गाड़ी की तलाश कर रही है पुलिस

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर-बाड़मेर सड़क मार्ग पर कई दुर्घटनाएं होने के उपरांत भी प्रशासन कोई उपाय कर नहीं पा रहा है। बीती रात्रि को जैसलमेर जिले के देवीकोट कस्बे में सड़क हादसे में एक चरवाहे और 66 भेड़ों की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर देवीकोट पुलिस मौके पर पहुंची और चरवाहे का शव जवाहर हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस अब सीसीटीवी आदि की मदद से हादसे में शामिल गाड़ी की तलाश कर रही है।

देवीकोट पुलिस चौकी के एएसआई दीपसिंह ने बताया कि कि बीती रात करीब एक बजे चरवाहे हनीफ खान (30) पुत्र सुमेर खान, मालकों की ढाणी, रामदेवरा निवासी को ट्रक ने टक्कर मारकर चरवाहे सहित 66 भेड़ों को मौत के घाट उतार दिया। जैसलमेर के राजकीय जवाहर हॉस्पिटल में मृतक के परिजन मॉर्च्यूरी के आगे इकट्ठा हो गये और गाड़ी की तलाश कर ड्राइवर पर हत्या का मामला दर्ज करवाने और मुआवजे की मांग की। ग्रामीण सफियत ने बताया कि प्रशासन की तरफ से कोई भी नुमाइंदा धरना स्थल पर नहीं आया है। इसको लेकर ग्रामीणों में काफी रोष है। जब तक ट्रक ड्राइवर नहीं पकड़ा जाएगा तब तक धरना नहीं उठाया जाएगा।

एएसआई दीपसिंह ने बताया कि देवीकोट कस्बे से लगते एनएच 68 पर छोड़ गांव के पास तीन चरवाहे अपनी भेड़ें लेकर आ रहे थे। 200 के लगभग भेड़ें सड़क पर चल रही थीं। इसी दौरान एक ट्रक तेज गति से आया और भेड़ों समेत चरवाहे हनीफ खान को कुचलता हुआ आगे निकल गया। साथ में चल रहे दो अन्य चरवाहों ने हादसे की जानकारी देवीकोट चौकी को दी। हनीफ भोपा गांव के किसी किसान की भेड़ों को चराने का काम करता था। बीती रात हनीफ दो अन्य चरवाहों देरावरसिंह व अमृतसिंह के साथ रामगढ़ से भोपा गांव जा रहा था। तीनों के पास लगभग 200 भेड़ें थी। हनीफ खान सबसे आगे चल रहा था। उसी दौरान जैसलमेर की तरफ से एक ट्रक तेज गति से आया और हनीफ खान और भेड़ों को रौंदते हुए चला गया। एएसआई दीपसिंह ने बताया कि हादसे में लगभग 66 भेड़ों कि मौत हो गई जिनमें 30 भेड़ें हनीफ खान की भी शामिल है। इसके अलावा 10 भेड़ें घायल हो गई। पुलिस ने हनीफ खान के शव को जवाहिर हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया और सीसीटीवी आदि के आधार पर ट्रक की खोज शुरू की। एएसआई दीपसिंह ने बताया कि ट्रक बाड़मेर की तरफ गया है। हम ट्रक की तलाश कर रहे हैं।

# छत से गिरकर युवक की मौत

**भीलवाड़ा, (निसं)।** लघुशंका के लिए रात में नींद से उठा युवक छत से नीचे गिर गया। हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना, गंगापुर थाने के करणजी की खेड़ी गांव में हुई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। गंगापुर थाना पुलिस ने बताया कि करणजी की खेड़ी निवासी अंबालाल (43) पुत्र चुन्नीलाल बैरवा बीती रात छत पर सो रहा था। शुक्रवार रात 11.50 बजे वह लघुशंका के लिए नींद से उठा। छत पर दीवार नहीं होने से वह असंतुलित होकर नीचे जा गिरा। गंभीर रूप से घायल अंबालाल को परिजन पहले गंगापुर और बाद में जिला अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# आंधी-बारिश से फैक्ट्री की दीवार ढही, तीन की मौत

**बीकानेर, (निसं)।** मानसून की दूसरी ही बारिश ने बीकानेर में कहर बरपा दिया। बीछवाला थाना इलाके के शोभासर गांव में निर्माणाधीन फैक्ट्री की दीवार ढहने से मां-बेटी समेत तीन जनों की मौत हो गई। हादसे का पता चलने पर बीछवाल पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को मलबे से निकाल कर पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे का पता चलने पर जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

बीछवाल एसएचओ नरेश निर्वाण ने बताया कि शोभासर के पास फैक्ट्री का निर्माण कार्य चल रहा है। तेज तूफान में फैक्ट्री की दीवार ढह गई। दीवार के मलबे में श्रमिक भोपाल निवासी टीना (26) पत्नी दीवान सिंह, उसकी ढाई वर्षीय बेटी मनीषा एवं क्रेन चालक औरंगाबाद निवासी संजय पुत्र रामयज्ञ दब गए। हादसे की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने वहां पहुंच कर अन्य श्रमिकों की मदद से तीनों को मलबे से निकाल कर 108 एम्बुलेंस से पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

# एएसआई की ड्यूटी के दौरान मौत

**जैसलमेर, (निसं)।** सीमा सुरक्षा बल के एएसआई की अमरनाथ यात्रा में ड्यूटी के दौरान कठुआ गांव में मौत हो गई। शनिवार को 154 बटालियन बीएसएफ जैसलमेर के जवान एएसआई पुरुषोत्तमसिंह की कार नहर में गिरने से डूबने से मौत हो गई। एएसआई पुरुषोत्तम सिंह (56) बटालियन समेत अमरनाथ यात्रा में ड्यूटी के लिए जैसलमेर से गए थे। ड्यूटी के दौरान कठुआ (जम्मू-कश्मीर) में गाड़ी से जाते समय गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया और गाड़ी नहर में गिर गई जिससे उनकी मौत हो गई। पुरुषोत्तमसिंह हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा जिले के रहने वाले थे। उनकी पोस्टिंग जैसलमेर में थी।

# यूडी टैक्स बना 14.56 लाख, वसूला सिर्फ 27 हजार

- नगर निगम बीकानेर अपने ही राजस्व कोष को हानि पहुंचाने में जुटा हुआ है

**बीकानेर, (निसं)।** भले ही राज्य सरकार ने सभी निकायों को अपनी निजी आय में वृद्धि करने के निर्देश जारी किए हुए हों, लेकिन नगर निगम बीकानेर अपने ही राजस्व कोष को हानि पहुंचाने में जुटा हुआ है। नगर निगम की वित्तीय वर्ष 2023-24 की ऑडिट में एक होटल को नगरीय विकास कर के रूप में 14.30 लाख रुपए का अनुचित लाभ दिए जाने की बात कही है। ऑडिट के मेमो नंबर 09 एक जुलाई 2024 में बताया गया है कि निगम की ओर से गंगानगर रोड स्थित एक होटल का वर्ष 2022 में हेरिटेज होटल के रूप में पंजीकरण होने के बावजूद अप्रेल 2016 से मार्च 2022 तक नगरीय विकास कर की गणना औद्योगिक डीएलसी दरों से की गई। इससे होटल को अनुचित लाभ पहुंचाया गया।

ऑडिट मेमो के अनुसार नगर निगम बीकानेर की ओर से 9 मार्च 2024 को आवेदक से बिना आवेदन पत्र, हेरिटेज होटल के रूप में राजस्थान, भारत सरकार की ओर से जारी पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किए बिना एवं तत्कालीन आयुक्त के मौखिक आदेशों के आधार पर ही अवधि अप्रेल 2016 से मार्च 2024 की बकाया राशि 14 लाख 56 हजार 772 रुपए को औद्योगिक डीएलसी दरों से संशोधित गणना करते हुए केवल 27155 रुपए का बिल जारी किया गया। इससे निगम कोष को 14 लाख 29 हजार 617 रुपए की हानि हुई। लेखा परीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि इस होटल की ओर से अपने होटल के निर्माण क्षेत्र में विस्तार करने के लिए निगम में आवेदन किया गया था। इसके अनुसार भूमि का कुल क्षेत्रफल 12212.64 वर्गमीटर था, जिसमें से पंजीकृत आर्किटेक्ट की रिपोर्ट के अनुसार कुल निर्मित क्षेत्रफल 2685.90 वर्ग मीटर अथवा 3169.36 वर्ग गज निर्मित क्षेत्र था, लेकिन निगम की ओर से होटल से 1665.44 वर्ग गज क्षेत्रफल के अनुसार ही नगरीय विकास कर की गणना की गई है, जिससे निगम को राजस्व हानि हुई है।

ऑडिट मेमो के अनुसार श्रीगंगानगर रोड स्थित इस होटल का हेरिटेज श्रेणी में पंजीकरण प्रमाण मार्च 2022 का है। जबकि निगम की ओर से होटल को इस श्रेणी का लाभ वर्ष 2016 से ही दे दिया गया। ऑडिट मेमो के अनुसार होटल की ओर से पर्यटन विभाग राजस्थान सरकार से हेरिटेज श्रेणी के अंतर्गत पंजीयन करवाया गया था। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से होटल को प्रमाण पत्र 25 मार्च 2022 न्यू एप्लीकेशन के जरिये जारी किया गया था। उक्त पंजीकरण से पूर्व होटल एक पांच सितारा होटल था, जिसके लिए निगम की ओर से वाणिज्यिक डीएलसी दरों के अनुसार मांग पत्र नगर निगम की ओर से भी भेजा जा रहा था।

# जहाजपुर प्रधान के निलंबन के विरोध में कोटड़ी बंद रहा



प्रधान सीता देवी के निलंबन के विरोध में कोटड़ी के बाजार बंद रहे।

- कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं गुर्जर समाज के लोगों ने विरोध यात्रा निकाली

**भीलवाड़ा, (निसं)।** राज्य सरकार ने जहाजपुर प्रधान सीता देवी गुर्जर को नियमित बैठकें आयोजित नहीं करने सहित अन्य मामलों को लेकर शुक्रवार को पद से निलंबित करने के मामले को लेकर शनिवार को कांग्रेस के आव्हान पर कोटड़ी कस्बे को बंद करवाया। वहीं श्रीचारभुजानाथ मन्दिर से उपखण्ड कार्यालय पहुंच कर ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर की माता जहाजपुर पंचायत समिति की प्रधान सीता देवी गुर्जर को ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के अतिरिक्त आयुक्त एवं शासन उपसचिव ने आदेश जारी कर निलंबित कर दिया। इस आदेश को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर शरनिवार को सुबह से ही कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं गुर्जर समाज के लोग मुख्यालय स्थित चारभुजानाथ मन्दिर पर पहुंचना शुरू हुए, सामूहिक रणनीति तैयार कर मन्दिर से आदेश के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सदर बाजार, पुराना बस स्टैण्ड, नेहरू नगर होते हुए उपखण्ड कार्यालय पहुंच नारेबाजी कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया तथा राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान लोगों में आदेश को लेकर भारी विरोध नजर आ रहा था। वहीं कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं नेइसे राजनैतिक द्वेशता के की गई कार्रवाई बताया। अमावस्या के बाद एकम पर बाजार बन्द होने से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को बाजार बन्द कराने के लिए किसी प्रकार की मशक्कत नहीं करनी पड़ी। उधर, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता जहाजपुर में प्रधान पद से निलंबित करने का विरोध प्रदर्शन जहाजपुर की बजाय कोटड़ी में करने को औचित्यहीन बताया।

# सहोदरा नदी के पानी में फंसे लोगों को एसडीआरएफ टीम ने बचाया

ग्राम कुरेडी में सहोदरा नदी के बाढ़ के पानी में फंसे लोगों को एसडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू किया।

- ग्राम कुरेडी में सहोदरा नदी के पास बने मकान पर एक परिवार फंसा हुआ था
- विधायक व जिला कलेक्टर ने बारिश से उपजे हालातों का जायजा लिया

**टोंक, (निसं)।** पीपलू उपखंड क्षेत्र के ग्राम कुरेडी में सहोदरा नदी के बाढ़ के पानी में फंसे लोगों को एसडीआरएफ टीम ने पहुंचकर रेस्क्यू किया। तहसीलदार इंद्रजीत सिंह चौहान ने बताया कि ग्राम कुरेडी में सहोदरा नदी के पास बने मकान पर एक परिवार फंसा हुआ था, जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच एसडीआरएफ टीम को बुलाकर रेस्क्यू करवाया। तहसीलदार ने बताया कि ग्राम कुरेड़ी निवासी रामबाबू, शंकरलाल, रामा पत्नी दामोदर, हनुमान मीणा नदी के पास स्थित मकान पर शुक्रवार शाम से ही मकान की छत पर थे। जिनको शनिवार को एसडीआरएफ टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू किया।

टोंक जिला कलेक्टर ने शनिवार को ग्राम बोरखंडी कला में तालाब टूटने से बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर जायजा लिया है। जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उनकी समस्याओं को सुना। उपस्थित अधिकारियों को तुरंत ग्रामीणों को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार पीपलू उपखंड क्षेत्र के संदेडा, संदेडा फार्म, हरिपुरा, भूरावली, पीपलू में बारिश से उपजे हालातों का क्षेत्रीय विधायक रामसहाय वर्मा ने पहुंचकर जायजा लिया। विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों को आमजन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने हरिपुरा से सौंधीफल तक पक्की सड़क बनाए जाने की मांग की। इस पर विधायक ने कहा कि सड़क बनाए जाने को लेकर प्रस्ताव बजट में दिया हुआ है। जल्द ही इस मार्ग पर पक्की सड़क का निर्माण होगा, जिससे भविष्य में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसी तरह भूरावली में पानी निकासी को लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर पंचायत समिति विकास अधिकारी को निदान के निर्देश दिए।

# बनास नदी पर बनाया ईसरदा कॉपर डेम ओवरफ्लो हुआ

शनिवार सुबह बनास नदी में पानी की आवक बढ़ने से लबालब भरकर कॉपर डेम ओवरफ्लो हो गया।

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** बनेठा कस्बे के समीप बनास नदी पर ईसरदा मुख्य बांध निर्माण कार्य के लिए बनाया गया दस फट भराव क्षमता का कॉपर डेम शनिवार सुबह लगभग सात बजे बनास नदी में पानी की आवक बढ़ने से लबालब भरकर ओवरफ्लो हो गया। ईसरदा कॉपर डेम पर चादर शुरू हो गई। बनास नदी में पानी की आवक बढ़ने से चैनल गेटों में से पानी लबालब तरबतर होकर बांध निर्माण क्षेत्र में होकर बनास नदी में बहता हुआ नजर आया।

पिछले 24 घंटे से ईसरदा डेम डूब क्षेत्र केचमेंट एरिया में झमाझम बारिश से शुक्रवार शाम से ही बनास नदी में जल स्तर बढ़ गया था, जिसके बाद तीन चैनल गेट खोल कर पानी की निकासी की गई थी। शनिवार सुबह अचानक बनास नदी में पानी की आवक बढ़ने से डेम लबालब हो कर ओवरफ्लो हो गया। बनास नदी में व्यर्थ बहने वाले पानी को उपयोगी बनाने के लिए तथा जयपुर, सवाई माधोपुर व दौसा जिलों को पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए बनेठा ग्राम पंचायत से तीन किलोमीटर दूर बनास नदी पेटे पट राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2004 में ईसरदा बांध का निर्माण करवाने का निर्णय लिया गया था। वर्ष 2008 में लगभग 40 करोड़ रुपए की लागत से ईसरदा कॉपर डेम का निर्माण कराया गया था।

मुख्य बांध का निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी था। इस दौरान बनास नदीं में पानी आ जाने से संवेदक को परेशानी का सामना करना पड़ा। आनन-फानन में शुक्रवार रातभर ईसरदा डेम परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारी सभी मशीनों को बनास नदी के किनारे पर लाने के लिए मशक्कत करते नजर आए फिर भी कई सामान पानी में डूब गया। गौरतलब है कि बनास नदीं पर ईसरदा मुख्य बांध का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें 28 ब्लॉक तैयार किए गए हैं और मशीनों के द्वारा निर्माण कार्य जोरों पर चल रहा था।

शनिवार सुबह ईसरदा काफर डेम के ओवरफ्लो होने के बाद सभी मशीनों को नदी में से बाहर निकाल लिया गया है। अब लगभग निर्माण कार्य बारिश के मौसम में बंद ही रहने की संभावना जताई जा रही है। बारिश के बाद ही दुबारा से ईसरदा मुख्य बांध परियोजना का निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद लगाई जा रही है।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड कोटपूतली

क्रमांक-535 दिनांक-28.06.2024

### ई-निविदा सूचना संख्या 03/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पथ निर्माण कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सा.नि.वि. खण्ड कोटपूतली के अन्तर्गत विभिन्न कार्यो की दर संविदा |
| निविदा की कुल लागत | रूपये 160.32 लाख |
| धरोहर राशि (2प्रतिशत) | रूपये 3,20,640/- |
| निविदा फार्म डाउनलोड एवं अपलोड करने की दिनांक | मंगलवार दिनांक 03.07.2024 प्रात 9.30 बजे से सोमवार 15.07.2024 सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | मंगलवार 16.07.2024 सायं 5.00 बजे। |
| निविदा खोलने वाले कार्यालय में ई-ग्रास चालान जमा कराने की दिनांक | मंगलवार 16.07.2024 सायं 2.00 बजे तक। |
| प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.6(5)/वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई ग्रास पर आनलाईन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न)<br>1. प्रोसेसिंग शुल्क-8685-00-102-16-02 निर्माण विभाग<br>2. निविदा शुल्क-0075-00-800-52-01<br>3. धरोहर राशि-8443-00-108-00-00<br>ऑफिस आई डी. 32827 |
| यू.बी.एन. नंबर | 1. PWD2425WSOB01912<br>2. PWD2425WSOB01913<br>3. PWD2425WSOB01914<br>4. PWD2425WSOB01915 |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट "www.dipronline.org" व विभाग की वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" एव "www.sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है।

(गौतम मीणा)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड कोटपूतली

DIPR/C/5437/2024

# आपसी झगड़े में बीच-बचाव करने पहुंचे बुजुर्ग की कार से रौंदकर हत्या

## घटना से गुस्साएं लोगों ने दादी का फाटक पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया, पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के मुरलीपुरा इलाके में दादी का फाटक पर कुछ लोगों की लड़ाई में बीच-बचाव करना एक बुजुर्ग को भारी पड़ गया। लड़ाई कर रहे एक युवक ने बुजुर्ग व्यापारी को कार से 15 फीट तक घसीटने के बाद रौंद दिया और वहां से भाग निकला। इस घटना के बाद इलाके में गुस्साए व्यापारियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया, उन्हें खदेड़ने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग भी किया।

पुलिस के अनुसार बनवारी कुमावत (60) दीप नगर झोटवाड़ा का रहने वाला था। 30 साल से दादी का फाटक पर फल-सब्जी की दुकान लगाता था। शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे अपनी दुकान पर बैठा था। सामने पान की दुकान के बाहर तीन-चार युवकों का झगड़ा हो गया। झगड़ा करने वाले लड़कों ने शराब पी रखी थी। झगड़ा होते देख बनवारी कुमावत बीच-बचाव करने पहुंच गया। मारपीट कर रहे लड़कों को बनवारी कुमावत समझा रहे थे। इसी दौरान एक लड़का कार में बैठकर भागने लगा। कार सवार युवक ने गाड़ी भगाने के दौरान सामने आए बनवारी कुमावत को टक्कर मार दी। करीब 15 फीट घसीटने के बाद उन्हें रौंदता हुआ भाग निकला। स्थानीय लोगों ने गंभीर हालत में उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। इलाज के दौरान डॉक्टर्स ने बनवारी कुमावत को मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में रखवाया।

- आरोपी कार चालक बुजुर्ग को 15 फीट तक घसीट कर ले गया
- करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद ट्रैफिक जाम को खुलवाया गया

घटना को लेकर आक्रोशित व्यापारियों ने शनिवार सुबह दादी का फाटक पर दुकानें बंद कर दी। व्यापारी घटना को लेकर आक्रोश जताते हुए धरने पर बैठ गए। मृतक के परिजन मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। झोटवाड़ा थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस आलाधिकारियों ने समझाइश कर मामले को शांत करने का प्रयास किया। एक घंटे की समझाइश के बाद भी व्यापारी व स्थानीय लोग नहीं माने और दादी का फाटक स्थित मेन रोड पर वाहन और बैरिकेड लगाकर सड़क बंद कर दी। मृतक के परिजन मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा करने लगे।

एक घंटे की समझाइश के बाद भी व्यापारी व स्थानीय लोग नहीं माने और दादी का फाटक स्थित मेन रोड पर वाहन और बैरिकेड लगाकर सड़क बंद कर दी गई। सुबह करीब 9 बजे इस तरह के प्रदर्शन को देखकर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर लोगों को वहां से खदेड़ा। करीब 10 मिनट की मशक्कत के बाद ट्रैफिक जाम को खुलवाया गया। वार्ड नंबर-9 पार्षद किशन लाल अजमेरा ने बताया कि इनोवा में आए लड़कों का पान की दुकान पर किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। झगड़ा करने वाले युवक नशे में थे।बनवारी लाल कुमावत झगड़ा होते देखकर बीच-बचाव करने गए थे। इनोवा सवार लड़के बनवारी लाल कुमावत पर गाडी चढाकर निकल गए। प्रशासन से हमने परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग रखी। आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

गुलाब सैनी ने बताया कि ये जान बूझकर मर्डर किया है या एक्सीडेंट, इसकी पुलिस से जांच हो। परिवार को आर्थिक मदद के साथ न्याय मिले। सभी लोगों ने इकट्ठा होकर प्रशासन के सामने यह मांग रखी थी।



मुरलीपुरा इलाके में दादी का फाटक पर बुजुर्ग की मौत से गुस्साएं व्यापारियों और कांग्रेस नेता विक्रम सिंह ने विरोध किया तो पुलिस ने उन्हें भी आंख दिखाई। यहां तक कि पूर्व पार्षद व कांग्रेस नेत्री मंजू शर्मा पर भी लाठीचार्ज किया। फोटो-राष्ट्रदूत

# वर्षाकाल में हो रहे अमृत मिशन के काम जांचने पहुंचे आयुक्त

हैरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने शनिवार को अमृत योजना 2.0 के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया।

**जयपुर** । हैरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने शनिवार को अमृत योजना 2.0 के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त सुराणा ने अधिकारियों को सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों को जल्द ढकने के निर्देश दिए, साथ ही बारिश में खुदाई कार्य नहीं कराने के निर्देश दिए।

- सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों को जल्द ढकने और बारिश के दौरान खुदाई कार्य नहीं कराने के निर्देश दिए

आयुक्त ने बताया कि हेरिटेज निगम क्षेत्र में जयसिंह पुरा खोर, जामडोली सहित परकोटे में अमृत 2 योजना में सीवर का कार्य किया जा रहा है। बारिश में कोई हादसा नहीं हो जाएं, इसके लिए शनिवार को सभी क्षेत्र में खुदाई पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा किन क्षेत्र में कार्य हो रहा है, वहां भी बेरीकेट लगाने और खड्डे को जल्द भरने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त ने खोर में बने एसटीपी प्लांट का भी निरीक्षण किया। इनके अलावा वर्षा में धंसी हुई सड़कों को जल्द मरम्मत करने के निर्देश दिए।

वहीं, अतिरिक्त आयुक्त डॉ. रौनक बैरागी ने शहर के प्रमुख पार्क का निरीक्षण किया और हेरिटेज निगम की ओर से किए जा रहे पौधा वितरण की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने पार्क की सफाई, रखरखाव और हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। अतिरिक्त आयुक्त ने पार्क की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से सफाई अभियान चलाएं और पार्क की हरियाली को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है बल्कि समाज में जागरूकता भी बढ़ती है। इस दौरान जिन लोगों को पौधों का वितरण किया गया और सभी उपस्थित लोगों से अपील की गई कि वे इन पौधों की अच्छी देखभाल करें और अपने आसपास के क्षेत्रों को हरा-भरा बनाएं।

# एल.आई.सी. का मिशन 'जीवन समर्थ' शुरू

भारतीय जीवन बीमा निगम ने विश्व स्तर पर प्रसिद्ध रणनीति परामर्श फर्म मैसर्स ए.टी.कियर्नी के साथ साझेदारी की है, जो कि एल.आई.सी. के मौजूदा एजेंसी ढांचे को की एंड-टू-एंड आधार पर समीक्षा करके इस एजेंसी परिवर्तन योजना को शुरू करेगी।

**जयपुर** (कासं)। भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) ने महात्वाकांक्षी मिशन 'जीवन समर्थ' शुरू किया है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों की तेजी से विकसित हो रही जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने पूरो 14 लाख एजेंट कार्यबल को भविष्य के लिए तैयार करना है।

इसे हासिल करने के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध रणनीति परामर्श फर्म मैसर्स ए.टी.कियर्नी के साथ एल.आई.सी. ने साझेदारी की है, जो कि एल.आई.सी. के मौजूदा एजेंसी ढांचे को की एंड-टू-एंड आधार पर समीक्षा करके इस एजेंसी परिवर्तन योजना को शुरू करेगी। इसके शाखाएं डिविजन और जोनल स्तर पर एजेंसी संचालन को नया रूप देना भी शामिल होगा, जिसका उद्देश्य भारत में बीमा क्षेत्र के तेजी से बदलते उद्योग और नियामक परिदृश्य के मद्देनजर वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को स्थापित करना है।

एल.आई.सी. के सीईओ और एम.डी. एस. मोहंति ने कहा कि, जीवन समर्थ परियोजना के माध्यम से हमारा लक्ष्य लाखों भारतीय परिवारों की तेजी से विकसित हो रही जरूरतों के साथ तालमेल बैठाने के लिए अपनी एजेंसी पारिस्थितिकी तंत्र को बदलना और उन्हें उपयुक्त दीर्घकालीक बचत, सुरक्षा, स्वास्थ्य बीमा, यूएलआईपी और पेंशन समाधान प्रदान करना है। एल.आई.सी. एजेंट्स को सक्षम और सशक्त बनाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एल.आई.सी. सीईओ ने कहा कि, इस परिवर्तन अभ्यास का परिणाम हमारे पहले से बहुत प्रतिबद्ध एजेंट्स को और अधिक उपकरण व अतिरिक्त कौशल प्रदान करना होगा, जिससे एजेंट्स व एल.आई.सी के बीच बंधन और अधिक मजबूत बन सके। भारत के युवा पुरूषों व महिलाओं से जीवन बीमा मार्केटिंग को एक पुरस्कृत करियर के रूप में चुनकर एल.आई.सी. के साथ हाथ मिलाने और भारत में बीमा उद्योग के भविष्य को आकार देने में भाग लेने का आव्हान किया।

# पेपर लीक मामले में एस.ओ.जी. को तीन माह में मिली 2670 शिकायतें

## इनमें से 900 शिकायतों का सत्यापन किया जा चुका है

**जयपुर**। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) पेपर लीक मामले में लगातार नए खुलासे कर रही है। पिछले तीन माह में एसओजी द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर पर 2970 शिकायतें मिल चुकी है। इनमें से 900 शिकायतों को वेरीफाई किया जा चुका है। वेरिफाई लोगों की सूची बनाकर सरकार और सम्बंधित विभागों को भेजा जा चुका है। अब इनके खिलाफ विभाग कार्यवाही करेंगे। सबसे ज्यादा शिकायतें पश्चिमी राजस्थान से मिलीं है।

एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि लोग एसओजी को फोन कर शिकायत बता रहे कि पडोस में युवक गलत तरीके से पेपरलीक करके नौकरी पर लग गया है। लोगों ने शिकायत में पूरी डिटेल के साथ ऐसे लोगों का रिकॉर्ड भेजा है। उनकी डिटेल भी शेयर की जा रही है। पश्चिमी राजस्थान से उनके पास बड़ी संख्या में शिकायतें मिल रही हैं। ऐसी शिकायतों को वेरिफाई करके रिकॉर्ड में जांच पर लिया जा रहा है। ऐसे लोगों का भी विभागों से रिकॉर्ड शेयर कर चेक कराया जा रहा है।

एडीजी ने बताया कि हाल ही में पकड़ी गई गिरोह की छम्मी बिश्नोई गार्गी पुरस्कार भी प्राप्त कर चुकी है। छम्मी पढ़ने में काफी होशियार थी। इसलिए नकल गिरोह गैंग ने उसे लालच देकर डमी कैंडिडेट बनाने के लिए गैंग में शामिल कर लिया। पहला गार्गी पुरस्कार भी उसे मिला था। शिक्षक भर्ती में वह टीचर बन गई थी। इसके बाद रुपयों के लालच में आकर वह नकल गिरोह गैंग के संपर्क में आ गई। छम्मी डमी कैंडिडेट के रूप में एग्जाम में बैठती थी। शुरुआत में छम्मी 5 लाख से लेकर 7 लाख रुपए तक लेती थी। बाद में नकल गिरोह से डिमांड बढ़ने लगी तो वह 10 लाख से भी ज्यादा लेने लग गई थी। पिछली कुछ भर्तियों में उसने 20 लाख रुपए तक लिए थे। 2022 में छम्मी बिश्नोई डमी कैंडिडेट के रूप में एग्जाम देने के लिए गई थी। उस दौरान उसके खिलाफ बालोतरा में मुकदमा दर्ज हो गया था। तब से वह फरार चल रही थी।

नकल के रुपए से डूंगरी गांव में प्लॉट लेकर चार मंजिला लग्जरी मकान भी बनाया था। छम्मी का पति गणपत स्कार्पियो चलाता है। कोई नौकरी भी नहीं करता है। चार मंजिला मकान किराए पर दे रखा है, जिसमें ज्यादातर सरकारी टीचर ही रहते हैं। इनसे किराए का पूरा लेनदेन खुद गणपत ही करता है। फरार होने के बाद छम्मी बिश्नोई वृंदावन में रहने लगी थी। 6 हजार रुपए में उसने किराए का कमरा ले रखा था। पुलिस की टीम जब वहां पर पहुंची थी तो आरती करती हुई मिली थी। वहीं से पहचान करने के बाद उसे पकड़ा गया था। छम्मी के मोबाइल की कॉल डिटेल और वॉट्सऐप चौटिंग से एसओजी को कई खुलासे होने की उम्मीद है। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि नकल गिरोह ने टीएसपी एरिया को भी अपना गढ़ बनाया है। बांसवाड़ा से बहुत बड़े स्तर पर पेपरलीक करवा कर लोगों को नौकरी पर लगवाया गया है। टीएसपी एरिया से नौकरी पर लगे लोगों के डॉक्युमेंट और रिकॉर्ड चेक कराए जा रहे हैं। ओमप्रकाश ढाका का जालोर, सिरोही, बांसवाड़ा, भीलवाड़ा के साथ-साथ उदयपुर में भी बड़ा नेटवर्क बना हुआ था। बांसवाड़ा में हाल ही में कार्रवाई भी की गई है।

## सार-समाचार

### किशनपोल सरकारी कॉलेज में वृक्षारोपण

**जयपुर,** (का.सं.)। राजकीय कन्या महाविद्यालय, किशनपोल ,जयपुर में आज प्राचार्य डॉ. खामोश मीणा की अध्यक्षता में अभिभावक-शिक्षक संवाद और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन एन.एस.एस. के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य ने छात्राओं को अनुशासित रहते हुए नियमित अध्ययन कर उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित किया।प्राचार्य डॉ. खामोश मीणा ने अभिभावकों को आश्वस्वस्थ किया कि महाविद्यालय छात्राओं के लिए पूर्णतया सुरक्षित परिसर प्रदान करता है। कार्यक्रम में आये अभिभावकों ने अपने-अपने सुझाव दिए और यह बताया कि महाविद्यालय में छात्राओं को हर गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए , जिससे कि सभी छात्राओं का समग्र विकास संभव हो सके। एन.एस.एस. के स्वयंसेवक और छात्राओं सभी ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर डॉ. ममता रोकणा, डॉ.पवन असवाल , एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. अर्चना वर्मा ने छात्राओं को महाविद्यालय गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और आगंतुक अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।इस कार्यक्रम के पश्चात प्राचार्य ने वृक्षारोपण समिति, समस्त स्टाफ, छात्राओं और अभिभावकों के साथ महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया।

### सी.आई.आई. सदस्यों ने देखी खदान

क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के वैशाली नगर स्थित शिव सागर कॉलोनी की गली नंबर 5 निवासी तोलाराम लालवानी बाईपास सर्जरी के दिल्ली गए हुए थे। पीछे से मकान सूना था, जिसका फायदा उठाते हुए चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दी। मकान में हुई चोरी की सूचना पड़ोसियों ने जब मकान में संदिग्ध गतिविधि देखी तो उन्होंने तोलाराम के भतीजे सुनील लालवानी को सूचना दी। जब सुनील मौके पर पहुंचा तो मकान के ताले टूटे पड़े थे और अंदर कमरों में सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने मकान की तलाशी लेकर नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर लिया। लालवानी के भतीजे ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची क्रिश्चियन गंज थाना पुलिस ने घर का मौका मुआयना किया। पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मकान मालिक के अनुसार चोर घर से करीब तीन लाख रुपए की नगदी सहित जेवरात चुरा ले गए है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

पीड़ित परिवार ने चोरी की वारदात की जानकारी दी।

- **पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दी, चोरों की तलाश में जुटी पुलिस**

**दो मंदिरों के दानपात्र चुराए :-**

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जयपुर रोड स्थित घूघरा घाटी के पास अज्ञात चोरों ने दो मंदिरों में चोरी की वारदात अंजाम देकर मंदिर में रखे दानपात्र चुरा लिए। चोरी का पता सुबह मंदिर में पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं को लगा तो सिविल लाइन थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया। मंदिर में पूजा करने आई श्रद्धालु पूजा चौहान ने बताया कि अज्ञात चोरों ने मंदिर के दानपात्र और तांबे के घड़े चुरा लिए। इसी प्रकार पास ही हनुमानजी के मंदिर से भी दानपात्र चुरा ले गए। क्षेत्रवासियों ने बताया कि हनुमान मंदिर में पहले भी चोरी की वारदात हो चुकी है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त

### भालू के हमले से वृद्ध घायल

**बौंली- बामनवास,** (श्रद्धा ओम त्रिवेदी): सवाई माधोपुर रणथंभौर वन क्षेत्र में शनिवार को करीब 12 बजे एक लकडहारे गोवर्धन माली उम्र 52 वर्ष निवासी हरिजन बस्ती नीम चौकी भालू के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर किया गया है। फलोदी रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी विष्णु गुप्ता ने बताया कि गोवर्धन माली 52 वर्ष रणथंभौर नेशनल टाइगर पार्क के चिडी खो वन क्षेत्र में लकडी लेने गया था इस दौरान भालू ने हमला कर दिया। भालू ने हमले से उसके मुंह को नोंच कर उसकी चमडी उधेड दी। हमले के बाद वह घायल अवस्था में अपने घर पहुंचा। परिजनों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची जिसमें गोवर्धन के मुंह का मांस बाहर आया हुआ था, सर के ऊपर से चमडी उधड कर खोपडी दिखाई देने लगी थी। वन विभाग ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर जयपुर रैफर कर दिया गया है। वन अधिकारी ने बताया कि रणथंभौर नेशनल टाइगर पार्क हेविटाट एरिया में लोगों का प्रवेश वर्जित है फिर भी लोग जंगल की दीवार कूद इस क्षेत्र में घुस जाते हैं। इस कारण इस प्रकार की घटनाएं होती रहती है।

### राहुल गांधी का पुतला फूंका

**निवाई,** (निसं)। अहिंसा सर्किल पर शनिवार को सर्व हिन्दू समाज के युवाओं ने विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। मोन्टी शर्मा ने बताया कि राहुल गांधी ने लोकसभा में हिन्दु विरोधी बयान दिया है। जिससे सर्व हिन्दुओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। उक्त बयान के विरोध में सर्व हिन्दु समाज के युवाओं ने अहिंसा सर्किल पर राहुल गांधी का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर लक्ष्य जमात, विशाल जमात, चंद्रशखेखर, कुशाल, योगेश, राहुल शर्मा, राहुल, राकेश खारोल, गौरव, निखिल, दीपेश, राहुल जायसवाल, मायाराम गुरुजी, रवि व खुशीराम सहित कई युवा मौजूद थे।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**सिकराय,** (निसं)। राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल राणोली में शनिवार को स्कूल के स्टाफ व छात्रों के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य कृपाशंकर मीना व सरपंच प्रतिनिधि समुद्र गुर्जर ने स्कूल परिसर में पौधा लगाकर पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के स्टाफ व छात्रों ने स्कूल परिसर में छायादार व फलदार पौधे लगाकर साथ ही स्कूल के प्रधानाचार्य ने पौधारोपण किए पौधे में रोज पानी व सुरक्षा को लेकर शपथ भी दिलाई। इस दौरान अध्यापक धन्ना लाल सैनी, योगेश शर्मा, बलराम गुर्जर, दिलीप सिंह, पूजा शर्मा, सीमा मीना, मंजुलता, वर्मा, अशोक सैनी, सीयाराम मीना, हीरालाल सैनी, जितेन्द्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

### सवारी बैठाने को लेकर मारपीट

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। प्रसिद्ध धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं की भीड बढ ने के साथ ही अवैध बसों का संचालन भी हो रहा है। रोडवेज बस स्टैंड के पास अवैध बसों का जमावडा रोजाना देखा जा सकता है और सवारी बैठाने को लेकर आपस में झगडा करते है यहां तक कि मारपीट तक भी नौबत आ जाती है। सवारी बैठाने को लेकर निजी बस चालकों में आपस में झगडा हो गया व मारपीट करने लग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझाइश का प्रयास किया नहीं मानने पर आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर छह बसों को जब्त किया गया। थाना एच एम हरि सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने समझाइश का प्रयास किया लेकिन नहीं मानने पर कार्रवाई की गई।

### वरिष्ठजन सम्मान समारोह आज

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। श्री गौड विप्र परिषद समिति श्रीमाधोपुर की ओर से समाज के 70 या उससे अधिक उम्र के लोगो का 'वरिष्ठ जन सम्मान समारोह' का आयोजन रविवार 7 जुलाई को शाम 4 बजे से श्री गौड विप्र परिषद समिति भवन श्रीमाधोपुर में किया जाएगा। श्री गौड विप्र परिषद समिति के अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र कुमार शर्मा, मंत्री डॉ चंद्र प्रकाश व्यास एवं समस्त कार्यकारिणी की ओर से वरिष्ठ जनों को आमंत्रित किया गया है। श्री गौड विप्र परिषद समिति द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसी कडी में समाज के मार्गदर्शक रहे वरिष्ठ जनों को यह कार्यक्रम समर्पित है।

# वृक्षों को अपनी संतान मानकर देखभाल करें : एडीजे नीरज भामू

**सांभरझील,** (निसं)। एडीजे नीरज भामू ने कहा कि गो ग्रीन अभियान पूर्णतया सफल तभी होगा जब हम पौधारोपण करने के बाद उनको संतान मानकर देखभाल करें।

गो ग्रीन अभियान के तहत दरबार उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण के दौरान एडीजे अरविन्द जांगिड, एसीजेएम ऋचा कौशिक, मुंसिफ मजिस्ट्रेट जयश्री लमोरिया ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हरियाली को बढावा देना जरूरी है ताकि वातावरण में ऑक्सीजन का लेवल बढ सके। न्यायिक अधिकारियों ने कार्यक्रम में मौजूद सभी को 5 पेड लगाये जाने का संकल्प दिलाया। पुलिस उपाधीक्षक सारिका खंडेलवाल, तहसीलदार कृष्णा शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों और अभिभावकों, कर्मचारियों को वृक्षों की महत्ता समझाई। इस मौके पर न्यायिक अधिकारियों ने जुलाई से प्रभावी तीनों कानूनों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य टीकमचन्द मालाकार ने खेजडी के पेड़ को बचाने के लोगों के बलिदान के बारे में बताया, उन्होंने सभी अभिभावकों को भी संदेश दिया कि वह भी अपने परिवार के प्रत्येक सदस्य से पौधारोपण कर अभियान को सफल बनाने की अपेक्षा की। इस दौरान विद्यालय परिसर में 500 पौधे लगाए गए। 600 विद्यार्थियों को एक-एक पौधा देकर अपने परिजनों की उपस्थिति में घर पर लगाने का संकल्प दिलाया गया।

गो ग्रीन अभियान के तहत एडीजे अरविन्द जांगिड़, एसीजेएम ऋचा कौशिक, मुंसिफ मजिस्ट्रेट जयश्री लमोरिया आदि ने पौधारोपण किया।

- 3 हजार पौधारोपण का रखा लक्ष्य, पहले रोज लगाए 500 पौधे

सभी सरकारी विद्यालयों में करंज, शीशम, जामुन, अनार, देशी बबूल, पापडी, बोगन बेलिया, बील पत्र व विभिन्न किस्म के लगभग 3250 पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया। अधिशाषी अधिकारी शिकेश कांकरिया, गोपाल सिंह पंवार ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत सांभर, नरेना, जोबनेर, किशनगढ रेनवाल क्षेत्र में 22,000 पौधे लगाना प्रस्तावित होना बताया।

## अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तिरंगे का प्रतिनिधित्व करेगी अनिता

**कोटपूतली,** (निसं)। क्षेत्र के ग्राम मोलाहेडा निवासी खिलाडी व पहलवान अनिता बाबू पुत्री ख्यालीराम गुर्जर जिन्होंने बेटों से भी दो कदम आगे निकलकर कोटपूतली का नाम देश के नक्शे पर रोशन किया है। अनिता कोटपूतली-बहरोड जिले की पहली ऐसी शख्सियत है जो किसी अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में तिरंगे झण्डे का प्रतिनिधित्व करेगी।

अनिता आगामी 9 से 12 जुलाई 2024 तक नेपाल की राजधानी काठमांडु में आयोजित होने वाली अन्तर्राष्ट्रीय टारगेट बॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। हाल ही में उन्होंने राजस्थान के अलवर में 12 से 15 जून तक आयोजित हुई 11वीं राष्ट्रीय टारगेट बॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की ओर से भाग लेते हुये सफलता अर्जित की। जिसके चलते उनका भारतीय टीम में चयन हुआ है। अनिता की सफलता की लिस्ट में यह एक और कामयाबी है। वे पूर्व में भी कुश्ती व टारगेट बॉल की कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये पदक जीतकर अपने गांव, माता-पिता व क्षेत्र का नाम प्रदेश भर में रोशन कर चुकी है। अनिता की उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष की लहर है। उनकी सफलता पर विधायक हंसराज पटेल ने साफा पहनाकर बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की व आगामी प्रतियोगिता के लिये शुभकामनायें भी दी। उन्होंने कहा कि बेटियों को भी बेटों के समान ही प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ ने का अवसर मिले तो वे जीवन में सफलता के नये किर्तिमान स्थापित कर सकती है। इस मौके पर पूर्व सरपंच व भाजपा नेता जयराम सिंह गुर्जर, पूर्व चौयरमैन एड. महेन्द्र कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, पार्षद प्रतिनिधि रघुवीर गोयल, रामचन्द्र, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल, दीपक कटारिया, पूर्व सरपंच नाहरसिंह रावत समेत अन्य मौजूद रहे।

## स्कूल में चारदीवारी, शौचालय एवं पेयजल की मांग

**चाकसू,** (निसं)। विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोथून के ग्राम बृजपुरा के ग्रामीणों ने ग्रामपंच रामसहाय बैरवा के नेतृत्व में क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा से मुलाकात की।

इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम बृजपुरा में स्थित रा.उ.प्रा. विद्यालय की चारदीवारी निर्माण बालिका शौचालय एवं पेयजल व्यवस्था की मांग की। ग्रामीणों ने ज्ञापन के जरिए विधायक को अवगत कराया की विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक संचालित है,जिनमें मात्र कक्षा-कक्ष ही हैं वे भी अध्ययन कार्य हेतु अपर्याप्त है। इसके साथ विद्यालय में चारदीवारी, पेयजल व्यवस्था एवं बालिका शौचालय का अभाव है। जिससे बच्चों व शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पडता है। सबसे ज्यादा परेशानी महिला शिक्षकों एवं छात्राओं को उठानी पड रही है, जिनके स्कूल में शौचालय ही नहीं है। जिम्मेदार स्कूलों में शौचालय निर्माण कराने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। विभागीय अधिकारी ग्राम प्रधानों की जिम्मेदार तय कर अपना पल्ला झाड लेते हैं। जिससे परेशानी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इस दौरान ग्राम बृजपुर के भगवान सहाय हंसराज राजेश राम सहाय रतनलाल जगदीश सोनू लेखराज सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे

रामसहाय बैरवा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक रामावतार बैरवा से मुलाकात की व मांगों का ज्ञापन सौंपा।

## सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के विरोध में ग्रामीणों का धरना जारी

**कोटपूतली,** (निसं)। समीपवर्ती ग्राम चतुर्भुज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के विरोध में ग्रामीणों का धरना शनिवार को लगातार 10वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। चतुर्भुज बचाओ आंदोलन के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक हंसराज पटेल को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य को रुकवाने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

- धरणार्थियों ने विधायक हंसराज पटेल को सौंपा ज्ञापन

साथ ही ट्रीटमेंट प्लांट को अन्यत्र लगाने का आग्रह भी किया। इस पर विधायक ने प्रतिनिधि मंडल को निर्माण कार्य को रुकवाने का आश्वासन दिया। रविवार को श्री ध्यान जी महाराज की तपोस्थली पर सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन भी किया जायेगा। इस दौरान चंद्रशेखर शर्मा, दिलीप यादव, सत्यनारायण शर्मा, विक्रम सैन, खेमचंद स्वामी, गिरधारी सैन, रोहित स्वामी, तुलसी स्वामी, सुरेंद्र सैन, गिरिराज भारती, गंगादीन आर्य, प्रताप सिंह यादव, किशनलाल स्वामी, देशराज उर्फ मसता यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

ग्राम चतुर्भुज में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के विरोध में ग्रामीणों का धरना लगातार 10वें दिन भी जारी रहा।

## 'पदस्थापना एवं सम्मान समारोह' आयोजित

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ का 'पदस्थापना एवं सम्मान समारोह' 6 जुलाई शनिवार को प्रात: 11 बजे से रोटरी भवन में आयोजित किया गया।

समारोह की मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट 2025-26 कोटा से रोटेरियन प्रज्ञा मेहता ने नये प्रेसिडेंट मनोज कुमार चोटिया, सेक्रेटरी शांति लाल सोनी सहित नई कार्यकारिणी का पद स्थापन कराया गया। इसमें रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ के पूर्व अध्यक्ष दिलीप सिंह शेखावत इस सत्र बतौर असिस्टेंट गवर्नर शामिल रहे। इसमें "रुक्मणि देवी हरलालका समाज सेवा सम्मान" श्मशान विकास समिति (रजि.), हरिदास आश्रम के पास, श्रीमाधोपुर को दिया गया। भंवर सिंह शेखावत शैक्षिणक अवार्ड" के लिए श्रीमाधोपुर ब्लाक के कक्षा 10 के टोपर तन्मय सैनी को, "देवांश इंदोरा शैक्षिणक अवार्ड" कक्षा 12 में साइंस की टोपर खुश्बू सैनी को, कामर्स के टोपर वंश कुमावत को तथा आर्ट्स की टोपर रीना रायपुरिया को दिया गया।"चौधरी नाथूराम भामू प्रतिभा सम्मान" की 2023 की परीक्षा में आल इंडिया 187 वीं रैंक पाने वाले बिरजू गोपाल एवं 551वीं रैंक हासिल करने पर मोहन मंगावा का सम्मान किया गया।

7वीं ओपन ताइक्वांडो इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर कंचनपुर के छात्र चेतन गौरव मिश्रा को "आयुष मेमोरियल आउटस्टैंडिंग स्पोर्ट्स अवार्ड" से सम्मानित किया गया। "जी.एल. सैनी आउटस्टैंडिंग प्रेसिडेंट/सेक्रेटरी अवार्ड" से भी सम्मानित किया गया। इसी कडी में क्लब में स्थापित "ओ.पी. कयाल बेस्ट रोटेरियन" के लिए पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन सागर मल शर्मा तथा क्लब की पब्लिक इमेज सुदृड करने के लिए सभी स्थानीय पत्रकारों का सम्मान किया गया।

## बीसीएमओ ने विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का किया औचक निरीक्षण

**कोटपूतली,** (निसं)। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा शनिवार को आयुष्मान आरोग्य मन्दिर-आरोग्य परम धनम् प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र राजनौता, कारौली, पवाना अहीर, कल्याणपुरा कला, चिमनपुरा, बखराना व उप स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुरा आदि चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की गई।

उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर, साफ-सफाई, दवा वितरण, वार्ड, ओपीडी, टीकाकारण कक्ष, स्टोर समेत अन्य व्यवस्थाओं की जांच कर पाई गई कमियों को शीघ्र दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

बीसीएमओ ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो, उन्हें अच्छी व गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधायें उपलब्ध करवाई जायें।

सभी अधिकारी-कर्मचारी चिकित्सा संस्थान पर निर्धारित समय पर मय आईडी कार्ड व गणवेश के उपस्थित होकर कार्य करें। बीसीएमओ ने स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वहीं निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा गया है।

उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों को आमजन की आभा आईडी बनाने, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड का वितरण करने, मौसमी बीमारियों के प्रति सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुये बारिश के मौसम में चिकित्सा संस्थानों की छतों की सफाई किये जाने के निर्देश दिये। साथ ही अधिक से अधिक वृक्षारोपण किये जाने की बात भी कही।

बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची।

- निरीक्षण में मिली कमियों को पूरा करने के निर्देश दिये

## मंत्री संजय शर्मा ने वन क्षेत्रों का निरीक्षण किया

**अलवर,** (निसं)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने शनिवार को अलवर शहर के आसपास के वन क्षेत्र तोप वाले हनुमान के पास मटिया कुंड, मांच का तिराहा के पास निदानी बांध, भूरासिद्ध के आसपास वन क्षेत्रा, प्रतापबंध से बाला किला तक के वन क्षेत्र एवं कटी घाटी के पास नगर वन का निरीक्षण किया।

वन मंत्री शर्मा ने मटिया कुंड व निदानी बांध का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि इनका रखरखाव सुव्यवस्थित रूप से रखे एवं आवश्यकतानुसार इनकी मरम्मत आदि का कार्य करावे।

उन्होंने कटीघाटी के पास नगर वन का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि नगर वन में कराए जाने वाले निर्माण कार्य को इस तरह से कराया जाए जो एनवायरमेंट फ्रेंडली हो तथा इसको सुन्दर स्वरूप दिया जाए ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने नगर वन में महिलाओं द्वारा एक हजार पौधे लगाए जाने हेतु खड्डे खुदवाने के निर्देश दिये। उन्होंने भूरासिद्ध के आसपास वन क्षेत्रा का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि जूलीफ्लोरा को हटाया जाए तथा यहां पर मातृवन विकसित करने की दिशा में कार्य करें। साथ ही भूरासिद्ध क्षेत्र में एक हजार पौधे लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रतापबंध से बालाकिला का निरीक्षण कर एक हजार पौधे ट्री गार्ड सहित लगाए जावे। उन्होंने बाबू शोभाराम का निरीक्षण कर 20 जुलाई को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय वन महोत्सव तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिये कि वन महोत्सव के तहत परिसर में 2 हजार पौधे लगाए जाएंगे इसकी सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर लेवे। इस दौरान डीएफओ अलवर राजेन्द्र कुमार हुड्डा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। इसके उपरान्त मंत्री शर्मा ने चिनार स्कूल में पहुंचकर 41 पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित 'एक पेड मां के नाम अभियान के तहत अपनी मां के नाम का एक पौधा लगावे तथा उसका रखरखाव भी करें। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य है। कडी मेहनत व सच्ची लग्न के साथ कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

- 20 जुलाई को होने वाले जिला स्तरीय वन महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया

## सार-समाचार

### 111 कुंडात्मक महायज्ञ का शुभारंभ

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। क्षेत्र के मित्रपुरा तहसील के घाटा नैनवाडी गांव की पहाडी पर स्थित श्री देवनारायण मंदिर के प्रांगण में शनिवार को प्रात: 9 बजे 13सौ भव्य कलश यात्रा के साथ ही नव दिवसीय 111 कुंडात्मक श्री देवनारायण महायज्ञ एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ हो गया। महामंत्री रतिराम डोई व राम सिंह गुर्जर ने बताया कि यह महायज्ञ श्री बालकानंद महाराज हरभांवता आश्रम के संयोजन में किया जा रहा है। महायज्ञ के दौरान रविवार 7 जुलाई से विधानुसार चलकर 15 जुलाई को वेद स्तुति, नित्यार्चन, हवन, पूर्णाहुति, महाआरती व संत, ब्राह्मणों की विदाई एवं महाप्रसादी सामूहिक भंडारे के साथ संपूर्ण होगा। यज्ञ के दौरान दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक कथावाचक संत श्री राम झूलन दास महाराज द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन खुला भंडारा चलेगा। महायज्ञ में अनेको आश्रमों के संत भाग लेकर प्रवचन करेंगे। यज्ञ संजय महाराज दमन दीव स्वर्ण पदक विजेता यज्ञाचार्य के सानिध्य में होगा।

### प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। कस्बे में स्थित रवीन्द्र उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में उच्च माध्यमिक विज्ञान वर्ग में यशोधर शर्मा 90.20 प्रतिशत, गणित वर्ग इकरार खान 86.40 प्रतिशत, कृषि विज्ञान वर्ग मनिषा कंवर शेखावत 88 प्रतिशत, कला वर्ग में रागिनी कुमारी 82.40प्रतिशत, माध्यमिक परीक्षा में अभिषेक यादव 93.50 प्रतिशत ने अंक प्राप्त किये। इन सभी प्रतिभावान छात्र छात्राओं को राजस्थानी पंरपरा के अनुसार साफ़ा बंधवाकर प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्थाप्रधान नगेन्द्र सिंह शेखावत ने आगुंतकों का स्वागत सत्कार किया। इस दौरान भगवान सहाय शर्मा, (अध्यक्ष ब्राह्मण समाज) सत्यनारायण बालाणी, डॉ. रामगोपाल शर्मा, बाबूलाल टेलर (राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक) रामावतार सैन (राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक) , यासीन तेली, गिरधारी लाल शर्मा, सुरेश सैन, विक्रम सिंह, राधेश्याम छीपा, भगवान सहाय, रामलाल यादव, सीताराम मिश्रा, कालूराम यादव, महेन्द्र सिंह, सुरेश सालोदिया, अम्बिका प्रसाद बालाणी, गोवर्धन टेलर, सहीत गणमान्य लोगों व विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

### शादी के 17 साल बाद मिला मातृत्व सुख

**निवाई,** (निसं)। राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिता शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम ने एक प्रसूता का जटिल ऑपरेशन कर एक बच्ची का सकुशल जन्म करवाया है। अस्पताल प्रभारी डॉ. केके विजय ने बताया कि गुलाब पत्नि सुरेश मीणा निवासी रूपवास को शनिवार की सुबह करीब 9 बजे डिलेवरी के लिए भर्ती करवाया था। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिता शर्मा ने बताया कि शादी के 17 वर्ष बाद गर्भवती हुई थी। महिला की बच्चेदानी का मुंह बंद था और गर्भ में पल रहे शिशु की गर्दन नाल में फंसी हुई थी। जिसका ऑपरेशन करना एक चुनौती था। ऑपरेशन को चुनौती मानते हुए स्वीकार किया और चिकित्सकों की टीम के साथ चर्चा कर ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। टीम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिता शर्मा, एमडी एनिस्थिसिया डॉ. अमित गोयल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश जैन व डॉ. योगेन्द्रसिंह शेखावत, मेल नर्स सुखलाल बैरवा, कजोडमल वर्मा, अनिता व कृष्णा, रामजीलाल व चन्द्रप्रकाश सहित शामिल चिकित्साकर्मियों ने करीब दोपहर 12:30 बजे सिजेरियन डिलेवरी से बच्ची का जन्म करवाया। सफल ऑपरेशन के बाद जच्चा व बच्चा पूरी तरह स्वस्थ है। ऑपरेशन के बाद हुए बच्ची के जन्म पर परिवार में खुशी की लहर दौड गई। इस दौरान परिजनों ने डॉ. अनिता शर्मा सहित चिकित्सकों की टीम का आभार व्यक्त किया है।

### 10 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

पावटा, (निसं)। प्रागपुरा थाना पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई कर बंदूक की नोक पर जबरन अपरहण कर जान से मारने की धमकी व डरा धमकाकर एक बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए महानिरीक्षक जयपुर रेंज जयपुर की ओर से 10 हजार का टॉप 10 ईनाम भी घोषित किया हुआ था। अपरण, जान से मारने की धमकी, बलात्कार मामले में आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। कोटपुतली बहरोड जिला पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा ने बताया कि जिले मे पेंडिंग प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए अपराधियों को डिटेन कर पूछताछ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

## संक्षिप्त

### विधायक पटेल ने सुनी शिकायतें

**कोटपूतली,** (निसं)। क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने राजमार्ग की सर्विस लेन स्थित डाक बंगला परिसर में प्रत्येक शनिवार की भांति नियमित साप्ताहिक जनसुनवाई करते हुये आमजन की शिकायतें सुनी। साथ ही बारिश के मौसम में जल भराव, बिजली, पानी, सडक, रास्ते के विवादों समेत विभिन्न अभाव अभियोगों का मौके पर ही निस्तारण किया। विधायक ने सम्बंधित अधिकारियों को दूरभाष के द्वारा अवगत करवाया कि आमजन से जुडी किसी भी शिकायत का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करें। साथ ही केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करें। वहीं उन्होंने पावटा पंचायत समिति में भी नियमित जनसुनवाई की। विधायक को ग्राम चतुर्भुज से आये ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि पंकज पटेल, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, पूर्व चौयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष रघुवीर गोयल, नगर संयोजक अरूण सैनी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, पार्षद प्रतिनिधि दीपक कटारिया, धर्मसिंह शेखावत, कमल कसाना समेत अन्य मौजूद रहे।

### सांसद राव राजेंद्र को तुलसी का पौधा सौंपा

**पावटा,** (निसं)। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह द्वारा एक पेड मां के नाम अभियान के तहत घर-घर पौधारोपण की शुरुआत की। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता पवन शर्मा जवानपुरा के द्वारा पिछले 4 साल से घर-घर पौधा अभियान बरसात के महीने में चलाया जाता है। भाजपा नेता पवन शर्मा जवानपुरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा शुरू किये गए देशव्यापी अभियान एक पेड माँ के नाम के तहत-देशभर में मां के नाम पर पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों और कार्यकर्ताओं से भी अपील है कि वे एक पौधा माँ के नाम पर लगाकर देश को समर्पित करें। एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पवन शर्मा ने सांसद राव राजेंद्र को तुलसी का पौधा सौंपा। इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता सुभाष जोशी, युवा नेता अनिल महर्षि, मधुर महेश्वरी, कृष्ण सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### विधायक ने वर्षा क्षेत्रों का दौरा किया

**निवाई,** (निसं)। विधायक रामसहाय वर्मा ने भारी बारिश से उपजे हालातों का जायजा लेते हुए उपखण्ड पीपलू के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से चर्चा की। विधायक रामसहाय वर्मा ने उपखण्ड कार्यालय, जीएसएस पीपलू, पंचायत समिति कार्यालय, नाथडी रोड स्थित पुलिया का जायजा लेकर अधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### छात्राओं को पाठ्य सामग्री वितरित

**सांभरझील,** (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन एवं बालिकाओं के शिक्षा के प्रति रुझान के लिए भगवती प्रसाद, रामवतार, गजेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार ने 150 किट वितरण किए। इस अवसर पर बालिकाओं को से कहा कि जीवन में अवसर सभी को प्राप्त होते हैं। हमें अवसर को पहचान कर जीवन को सफल बनाना चाहिए। उप प्रधानाचार्य रामेश्वर लाल मीणा ने भामाशाहों को दुपट्टा, स्मृति चिन्ह और शाकंभरी माता की तस्वीर भेंट कर आभार जताया।

### मजिस्ट्रेट एवं सहायक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**अलवर,** (निसं)। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट आशीष गुप्ता ने 14 से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाले श्री जगन्नाथ महाराज मेले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु उपखण्ड अधिकारी अलवर प्रतीक जुईकर को मेला मजिस्ट्रेट एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार अलवर तनु शर्मा को सहायक मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सम्पूर्ण रथ यात्रा एवं मेला क्षेत्रा में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखे।

### गौरी शंकर प्रदेश महासचिव नियुक्त

**कोटपूतली,** (निसं)। राष्ट्रीय नाई महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अशोक सरना ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद गाँधी के निर्देशानुसार ग्राम गोरधनपुरा निवासी संगठन के प्रदेश सचिव गौरी शंकर सैन को पदौन्नत कर प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है।

# मालपुरा में बारिश से तबाही, मंत्री ने बाढ़ पीड़ितों के दर्द जाने

**मालपुरा,** (निसं)। गुरूवार की मध्य रात्री से शुक्रवार की शाम तक मालपुरा में हुई मुसलाधार बरसात ने मालपुरा में तबाही का मंजर मचा दिया। क्षेत्र में तबाही के मंजर व बाढ के हालातों का जायजा लेने पहुंचे केबिनेट मंत्री व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने दो दर्जन से अधिक गांव-ढाणियों मे पहुंच बाढ त्रास्दी से पीडित लोगों से मिल उन्हे हर सम्भव मदद व राहत पहुंचाने का विश्वास दिलाते हुये उनके आंसू पोंछ उनके दुख दर्द में हमेशा तैयार रहने का ढाढस बंधाया।

मंत्री ने बाढ से टूटे मकानों व गांवों के सम्पर्क रास्तों सहित पानी के साथ बह जाने वाले किसानों के उन खेतों का भी जायजा लिया। जहां किसानों को करोडों रूपयों का आर्थिक नुकसान हुआ। जिला कलेक्टर सौम्या झां ने लावा सहित एक दर्जन गांवों का दौरा कर प्रशासनिक टीम के साथ बाढ के हालातों का जायजा लिया। मंत्री के साथ मौजूद जनप्रतिनिधियों व गांवों के प्रबुद्धजनों ने किसानों की व ग्रामीणों की पीडा व बर्बादी की कहानी फोटो विडियो के साथ मंत्री के सामने रखते हुये राज्य सरकार से बाढ पिडित परिवारों को आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की।

केबिनेट मंत्री व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने दो दर्जन से अधिक गांव-ढाणियों में पहुंच बाढ त्रास्दी से पीड़ित लोगों से मिल हर सम्भव मदद व राहत पहुंचाने का विश्वास दिलाया।

- 50 से अधिक गांव-ढाणी दूसरे दिन भी डूबे रहे अंधेरे में

जिस पर केबिनेट मंत्री ने मौके पर मौजूद कार्यवाहक एसडीएम कपिल शर्मा, तहसीलदार राहुल पारीक सहित प्रशासनिक अधिकारियों को बाढ त्रास्दी का जायजा लेते हुये नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने के मौके पर ही निर्देश दिये।

डीआर छोगालाल गुर्जर ने बताया कि भीपुर गांव में पांच दर्जन से अधिक मकान धराशाही हो गये तो कई मकानों में रखी सरसों व अनाज की बोरियां पानी के बहाव में बह जाने से करोडों रूपयों का नुकसान हुआ। नागफणी व हालोलाव, रामसागर बांध आदि के टूट जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा त्वरित बचाव कार्य करने में शिथिलता बरती गई। रामसागर बांध की गहराई व अन्य कार्यो के लिये स्वीकृत 2 करोड 41 लाख रूपये के कार्यो का अधिकारियों द्वारा जायजा ले मॉनिटरिंग नहीं करने के चलते यह बांध कार्य पूर्ण होने से पहले ही टूट गया जो कि घटिया निर्माण की पोल खोल रहा है। बाढ के हालातो से तीन दर्जन से अधिक गांव ढाणियों की सडके व मुख्य रास्ते टूट जाने से आवागमन बंद हो गया। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी क्षेत्र में हुई भारी तबाही के बावजूद टूटे हुये रास्तों व क्षतिग्रस्त सडकों को तैयार करवाने में घोर लापरवाही बरतने की जानकारी सामने आई। एक दर्जन से अधिक गांवों के स्कूल व सरकारी भवन पानी से लबालब भर जाने से कभी भी टूटकर धराशाही होने का खतरा मंडरा रहा है। शनिवार की देर शाम तक उपखण्ड क्षेत्र के 50 से अधिक गांव ढाणी दूसरे दिन भी अंधेरे में डूबे रहे। लावा गांव में शनिवार को दोपहर बाद एक युवक का शव तैरता मिला। जिसे ग्रामीणों ने तालाब से बाहर निकाला तो उसकी पहचान रामजीलाल खारोल के रूप में की गई। वही लावा के नारायणपुरा गांव में बाढ से जनजीवन प्रभावित होने के बावजूद अधिकारियों द्वारा सुध नहीं लेने से गुस्सायें ग्रामीणों ने डिग्गी-सोहेला मार्ग पर जाम लगा दिया।

### विश्व जूनोसिस दिवस पर रेबीज टीकाकरण

**टोंक,** (निसं)। राजकीय बहुउद्दीय पशु चिकित्सालय टोंक द्वारा विश्व जूनोसिस दिवस पर इण्डियन इम्यूनोलोजिकल कम्पनी हैदराबाद के सहयोग से एक दिवसीय रेबीज टीकाकरण दिवस शिविर का आयोजन कर श्वान व बिल्ली जैसे जानवरों में रेबीज रोग की रोकथाम हेतु निशुल्क टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय प्रांगण के अतिरिक्त श्वान प्रेमी स्वयं सेवक प्रज्ञा बुन्देल ने पूरे शहर में लगभग 113 निराश्रित श्वानो (कुत्तों) को रेबीज टीकाकरण किया गया। चिकित्सालय में इस अवसर पर एक विश्व एक स्वास्थ्य, जूनोसिस रोके'' कार्यक्रम पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जो संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम के तहत पशुधन सहायकों की टीम द्वारा टीकाकरण कार्य सम्पादित किया गया।

# पर्यावरण संरक्षण एवं शुद्धि के लिए वृक्षारोपण जरूरी : संजय शर्मा

**राजगढ,** (निसं)। राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं शुद्धि के लिए वृक्षारोपण आज की नितांत आवश्यकता है। ग्लोबलाइजेशन के दौर में अधिक संख्या में पौधा रोपण कर मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करें। शर्मा ने ये उदगार भोरंगी गौशाला धाम वन क्षेत्र माचाडी मार्ग राजगढ पर शनिवार प्रात: 10 बजे वृक्षारोपण के शुभारंभ पर व्यक्त किया।

इससे पूर्व वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा का गौशाला धाम के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण एवं साफा बांधकर अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 5 करोड़ पौधारोपण के लक्ष्य के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण कर वृक्ष बनने तक पौधे की सार संभाल करें। वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने बरगद एवं नीम का पौधा भी लगाया। उन्होंने एक पौधा अपनी मां के नाम लगाने का सभी कार्यकर्ताओं का आवाहन किया। इस अवसर पर उन्होंने राजगढ क्षेत्र में चौमुखी विकास के कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर अनेक संस्थाओं की ओर से समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन सोपे।

वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने बरगद एवं नीम का पौधा लगाया।

- अनेक संस्थाओं की ओर से समस्याओं के निराकरण को लेकर ज्ञापन सौंपे

इस दौरान उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया,महंत प्रकाश दास, अवधूत दत्त आश्रम महंत एवं गौशाला से जुडे अमन भारती महाराज, आशीष शर्मा, विवेक दीक्षित, प्रशांत शर्मा, प्रेमनाथ धामाणी, राहुल दीक्षित, जनप्रतिनिधि समाजसेवी एवं नगर पालिका पार्षद मौजूद रहे।

# पौधारोपण कर शहीद मुकेश कुमार का जन्मदिवस मनाया

**शाहपुरा,** (निसं)। शाहपुरा उपखंड के ग्राम रामपुरा के कोबरा बटालियन शौर्य पदक से सम्मानित शहीद मुकेश कुमार बुनकर के पिता रामसहाय बुनकर, माता कमलादेवी, वीरांगना बीना देवी, आबकारी निरीक्षक पुत्र बृजेश बुनकर, भाई विकास जेवरिया, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पूरणमल बुनकर, बेटी मोनिका, ममता, ऋषिका सहित परिवारजनों और ग्रामीणों ने शहीद की जयंती पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर और 100 छायादार और फलदार पेड लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहीद मुकेश कुमार की जयंती पर 100 छायादार और फलदार पेड़ लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर ने बताया कि शहीद मुकेश कुमार बुनकर का 2007 में सीआरपीएफ में चयन हुआ था। वर्ष 2009 में अरुणाचल प्रदेश में चुनावी ड्यूटी के दौरान बूथ केंद्र पर नक्सलीयों ने हमला कर पेटियां ले जाने का प्रयास किया। इस पर शहीद मुकेश कुमार बुनकर ने अपने साथियों के साथ नक्सलियों के छक्के छुडा दिए। उनकी जाबांजी को देखते हुए सीधा कोबरा बटालियन में चयन कर लिया गया।

वर्ष 2012 में झारखंड के रांची में 50 नक्सलियों ने बटालियन पर हमला कर दिया। नक्सलियों से मुठभेड में शहीद मुकेश के 4 गोलियां लगी फिर भी शहीद मुकेश ने चार नक्सलियों को मार गिराया। घायल मुकेश दिल्ली उपचार दौरान 8 दिन बाद 24 सितंबर 2012 को अमर हो गए। वीरांगना बीना देवी को 9 अप्रैल 2015 को दिल्ली में आयोजित शौर्य दिवस पर तात्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने मरणोपरांत शौर्य वीरता मेडल से भी सम्मानित किया था। इस दौरान बाबूलाल जेवरिया, सीतादेवी, भानूप्रताप, अभिषेक नारवाल, आशु, दीपशिखा जेवरिया, मिष्टी आदि ने शहीद अमर रहे, भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से क्षेत्र गुंजायमान हो गया।

# प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**कोटपूतली,** (निसं)। ग्राम पवाना अहीर स्थित मूलचंद प्रभूदयाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सरपंच पूरणमल खटीक की अध्यक्षता व गिरधारी लाल यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

समारोह में अतिथियों द्वारा बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 व 12 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं का तिलक लगाकर, माल्यार्पण व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर नेहा वर्मा 88 प्रतिशत, सोनल मीणा 86 प्रतिशत, जेन्सी यादव 82 प्रतिशत, मंजू कुमावत 81 प्रतिशत, तनुज्या 78 प्रतिशत, संगम आर्य 78 प्रतिशत, सपना सैन 77 प्रतिशत, खुशबू मीणा 76 प्रतिशत, पुष्पेन्द्र यादव 76 प्रतिशत, भावेश आर्य ए ग्रेड को सम्मानित किया गया। जिसके बाद ग्राम पवाना अहीर में रैली द्वारा जागरूकता का संदेश देते हुए प्रोत्साहन दिया गया। जगह-जगह ग्रामीणों ने रैली का स्वागत अभिनन्दन किया और ठंडा पेय पिलाते हुए हौंसला बढाया। मुख्य अतिथि गिरधारी लाल यादव ने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि जब से प्राचार्य महेश चंद यादव ने कार्य संभाला है उन्होंने अपनी कार्यशैली अनुरूप बेहतर प्रदर्शन किया है। प्राचार्य किसी भी प्रकार का अवकाश का उपभोग किये बिना समर्पित भाव से नियमित विद्यालय आकर स्वयं भी शिक्षण कार्य करते हैं। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को मदद करने की घोषणा भी मुख्य अतिथि ने की। प्राचार्य महेश चंद यादव ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि गांव के समस्त लोगों का अच्छा सहयोग रहा है तथा इसी तरह अच्छा प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। अतिथियों द्वारा अच्छी पढाई कर अनुशासित नागरिक बनने की प्रेरणा प्रदान की गई। प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि भामाशाह सेठ परिवार द्वारा इस बार विद्यालय में 35 लाख 65 हजार रुपये का भौतिक विकास कार्य कराया गया है जिसके परिणामस्वरूप अगले माह सरकार व विभाग द्वारा सेठ परिवार को राज्य स्तर पर भामाशाह सम्मान प्रदान किया जायेगा।

- प्रतिभाओं का तिलक लगा व माल्यार्पण कर सम्मान

# पावटा में दूसरे दिन भी सफाई व्यवस्था बे-पटरी, सफाईकर्मी हड़ताल पर

**पावटा,** (निसं)। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र में शनिवार को दूसरे दिन पूरा पालिका क्षेत्र गंदगी के ढेर में तब्दील हो गया। आलम यह रहा कि एनएच सहित पूरे मुख्य बाजारों, वार्डो, कॉलोनियों में कूडे के ढेर लग गए। इसके कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ गया है, वहीं मच्छरों का भी प्रकोप बढ गया है।

जानकारी के मुताबिक नगरपालिका के सफाई कर्मियों को दो महिने से वेतन न मिलने व पीएफ नंबर नहीं मिलने के कारण वे शुक्रवार सुबह से हडताल पर चले गए। जिसके चलते दो दिन से सफाईकर्मी हडताल पर है। जिस कारण पावटा प्रागपुरा पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था दो दिन से चरमराई हुई है। सफाई कर्मियों को वेतन न मिलना नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खडे करता है। शनिवार को एनएच 48 सहित पावटा प्रागपुरा पालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में गंदगी के ढेर लग गए। ऐसे में यहां पहुंचने वाले हजारों लोगों को गंदगी के चलते परेशानियां झेलनी पडीं। दुकानों के आगे सजे गंदगी के ढेर लोगों का मुंह चिढाते नजर आए। पावटा प्रागपुरा पालिका क्षेत्र में शुक्रवार सुबह से ही गंदगी के ढेर लगने शुरू हो गए। गंदगी के ये ढेर नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान उठा रहे हैं। शनिवार को पालिका क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सफाई कर्मियों के कचरा न उठाने के कारण गंदगी पसरी रही। नप के सफाई कर्मियों को समय पर वेतनमान न मिलने के कारण उन्होंने सफाई करने से मनाही कर दी। सफाई कर्मियों ने साफ कर दिया है कि जब तक वेतन नहीं मिलता तब तक सफाई व्यवस्था ऐसी ही रहेगी। यह पहली मर्तबा नहीं है जब सफाई कर्मी वेतन को तरसे हों। इससे पहले भी कई बार सफाईकर्मी वेतन की मांग उठा चुके हैं लेकिन ठेकेदार और नगरपालिका की नाकामी के चलते गरीब सफाई कर्मी परेशानियों से जूझ रहे हैं। मसलन शहर में गंदगी के ढेर लगना लाजमी है।

सफाईकर्मियों ने वेतन नहीं मिलने पर कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया।

- गंदगी के ढेर में तब्दील हुए मुख्य बाजार

## सार-समाचार

### विधार्थियों को शिक्षण सामग्री बांटी

**खाटूश्यामजी,** (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय खाटूश्यामजी में प्रधानाचार्य बाबूलाल जांगिड के सेवानिवृत्त होने पर अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के ओएसडी प्रमोद शर्मा के मुख्य आतिथ्य तथा खाटू ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर पूनिया की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम विधार्थियों को संजय केजरीवाल द्वारा विधार्थियों को पाठ्य पुस्तकें व शिक्षण सामग्री प्रदान की गई। इसके साथ ही एक पौधा मां के नाम अभियान में प्रमोद शर्मा ने पीपल का पेड लगाकर कार्यक्रम का आगाज किया। इस दौरान शर्मा ने कहा कि प्रधानाचार्य जांगिड का कार्यकाल शानदार रहा। इन्होंने राजकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य किए लेकिन अब इन्हें सेवानिवृत्त के बाद भी समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने का कार्य निरंतर करते रहना चाहिए। वहीं सभी से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पौधा लगाने व उनकी जिम्मेदारी के साथ साथ संभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य अर्जुन लाल, श्रवण रूलाणिया, कालूराम शर्मा, शकुंतला शर्मा, संजना देवी, गणेशराम,हितांशु भारद्वाज, प्रियांशु भारद्वाज सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन फूलाराम भादू ने किया।

### भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज

**राजगढ,** (निसं)। भगवान जगन्नाथ महाराज ऐतिहासिक रथयात्रा रविवार रात्रि को चौपड बाजार मंदिर से श्रद्धा एवं भक्ति के साथ रवाना होगी। घंटे घडियाल एवं बैंडबाजे के साथ भगवान जगन्नाथ जानकी संग विवाह रचाने हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में प्रस्थान करेंगे। दूल्हे बने भगवान जगन्नाथ की अनुपम छवि को देखने राजगढ मय पूर्वी राजस्थान के अनेक शहरों से श्रद्धालु दर्शन लाभ करने आते हैं। इंद्र विमान पर आरुढ दौरान रथ यात्रा के मार्ग में दर्जनों मंदिरों के पुजारी दूल्हे बने भगवान जगन्नाथ की आरती उतार कर अगवानी करते हैं। इस दौरान उपखंड प्रशासन नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन, मेला कमेटी की ओर से रथ यात्रा एवं मेले में आने वाले दर्शनार्थियों की सुरक्षा को लेकर प्रबंध किए गए हैं। बाल्मिक समाज के जगदीश सारसर के नेतृत्व में शक्ति एवं कला सबको रोमांचित करता है। समाजसेवी लोगों की ओर से रथ यात्रा में शीतल पानी के साथ मीठे शरबत एवं ठंडाई की व्यवस्था की जाती है। रथ यात्रा के मार्ग में निर्माण विभाग विद्युत निगम एवं अन्य विभागों की ओर से व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। रथ यात्रा के दौरान पेट के बल परिक्रमा देने वाले बालक एवं अन्य भक्तों का जज्बा देखते ही बनता है। मंदिर के महंत पूर्ण दास एवं मदन मोहन शास्त्री, रोहित शर्मा ने बताया कि 7 जुलाई को रथ यात्रा, 8 से 11 जुलाई तक गंगाबाग में मेला,12जुलाई को जगन्नाथ जानकी वरमाला महोत्सव, 13 व 14 जुलाई को गंगाबाग में भराभर का मेला आयोजित होगा। 15 जुलाई को रात्रि भगवान जगन्नाथ जानकी संग विवाह रचाकर गंगा बाग से चौपड बाजार को लौटेंगे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**टोंक,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के तारण गांव से गुजर रही सवाईमाधोपुर नेशनल हाईवे पर शनिवार को अल सुबह एक बाइक से गाय टकराने से बाइक सवार की मौत हो गई। मौके पर पंहुची पुलिस प्रशासन की टीम ने गम्भीर हालत में पडे युवक को जिला सअादत अस्पताल टोंक में भर्ती कराया, जिसे डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनो को सुपुर्द कर दिया। प्राप्त सूत्रो के अनुसार मृतक का नाम हसंराज गुर्जर पुत्र प्रहलाद गुर्जर निवासी कुहाडा खुर्द तह. उनियारा जो अपनी बुआ को छोडने उसके ससुराल से बाइक से गया था तथा ग्राम तारण पर रोड लाईट खराब होने से बैठी गाय नहीं दिखी, जिससे वह गाय से जा टकराया और गम्भीर घायल हो गया, जिसे अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार शुक्रवार की रात्रि को इसी मार्ग के आगे 7 किमी दूर ग्राम घांस के पास एक कार से दो गाय टकरा गई, टक्कर इतनी तेज लगी की गाय रैलिग से टकरा गई। जिससे दोनो गायों की मौत हो गई। पुलिस प्रशासन व ग्रामीणों की सहायता से गायों को केन से रोड से हटाया गया। इस दौरान कार चालक कार लेकर चला गया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद की जयंती पर कार्यक्रम

**चाकसू,** (निसं)। विधानसभा चाकसू क्षेत्र में भारतीय जन संघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व जिला संयोजक सुमन कुमावत ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष रक्षा भंडारी और प्रदेश महामंत्री राधा भारद्वाज ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। उपस्थित जनसमूह ने उनके राष्ट्रवादी विचारों और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए, उनकी विचारधारा से प्रेरणा लेने का आव्हान किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व का सम्मान करना है। चाकसू विधानसभा क्षेत्र में इस अभियान के तहत कई पौधे लगाए गए। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और स्थानीय नागरिकों ने भी पौधारोपण में भाग लिया।

### अभिभावकों की बैठक आयोजित

**निवाई,** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. पानमल पहाडिया की अध्यक्षता में अभिभावकों की बैठक आयोजित हुई। प्राचार्य प्रो. पानमल पहाडिया ने बताया कि नियमित अध्ययनरत स्नातक, प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष छात्राओं को अस्थाई रूप से अगली कक्षा में क्रमोन्नत कर दिया गया है। सभी छात्राएं ई-मित्र में 19 जुलाई को ऑनलाईन शुल्क जमा करवा सकते हैं। बीए पार्ट द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं का सभी विषयों का अध्ययन कार्य प्रारंभ हो गया है।

# विभिन्न किस्म के 251 पौधे लगाये

**कोटपूतली,** (निसं)। तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष व अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश समर्थ लाल मीणा के नेतृत्व में शनिवार को महात्मा गाँधी स्कूल कंवरपुरा में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर विभिन्न किस्म के 251 पौधे लगाये गये। एडीजे समर्थ लाल मीणा ने कहा कि व्यक्ति को अपने जीवन में वृक्ष अवश्य लगाने चाहिये।

बेहतर स्वास्थ्य और शुद्ध हवा के लिए वृक्ष जरूरी होते हैं, उन्होंने हर वर्ष लगातार बढ रहे तापमान का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी मुख्य वजह पेडों की अंधाधुंध कटाई है। बार एशोसिएशन अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर ने कहा कि जैव विविधता एवं मानव विकास के लिए पेडों का होना अतिआवश्यक तथा पर्यावरण शुद्धि व वर्षा होने के लिए पेडों का होना बेहद जरूरी है। क्षेत्रीय वन अधिकारी रेंजर सतपाल ने पौधारोपण की विधि पर प्रकाश डाला। सरपंच जगदीश यादव व प्राचार्य महावीर यादव ने अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। पौधारोपण में नरेगा श्रमिकों, विद्यालय परिवार, बार एशोसिएशन के सदस्यों, वन विभाग टीम व ग्रामीणों ने सहयोग किया। विद्यालय परिवार व अभिभाषक संघ सदस्यों ने एक-एक पेड लगाकर उनके रख रखाव व संरक्षण की जिम्मेदारी ली। इस दौरान सुबेसिंह सिंह यादव, पूर्व सरपंच महेश यादव, पूर्व सरपंच संजय यादव, पूर्व अध्यक्ष अशोक यादव, सचिव हेमंत शर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति शर्मा, मुकेश यादव, अमीलाल यादव, रंजीत वर्मा, सत्यवीर पायला, अनिल कुमार आर्य, अविनाश यादव समेत अधिकारी-कर्मचारी, नरेगा श्रमिक, विद्यालय स्टॉफ व ग्रामीण मौजूद रहे।

- बेहतर स्वास्थ्य और शुद्ध हवा के लिए वृक्ष जरूरी : समर्थ लाल

मैं मानद कप्तान जीतू राय, एसएम, वीएसएम, ओलंपियन निशानेबाज, पद्मश्री प्राप्त, ध्यानचंद खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार प्राप्त। मैं आपको बताना चाहता हूं कि भारतीय सेना के साथ मेरा 17 साल छह महीने का साथ एक जुलाई 2024 को खत्म हो गया। - **जीतू राय**

**एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, अपने रिटायर की घोषणा करते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



**रियान पराग**

**शुभमन गिल** की कप्तानी भारत की युवा क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे के दौरे पर है। जहां दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज का आगाज हो चुका है। वहीं जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। इस दौरान तीन खिलाडियों ने भारत के लिए डेब्यू किया है। इसमें रियान पराग, ध्रुव जुरेल और अभिषेक शर्मा का नाम शामिल है। बता दें कि, ये तीनों खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट के साथ-साथ आईपीएल में भी शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। रियान पराग और अभिषेक शर्मा ने आईपीएल 2024 में धमाकेदार प्रदर्शन किया था।

**क्या आप जानते हैं ?...** जिम्बाब्वे के तातेन्द्रा तेबु ने मई 2004 में श्रीलंका के विरुद्ध अपनी टीम की कप्तानी करके सबसे कम उम्र का टैस्ट कप्तान बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ 116 रन नहीं बना सके वर्ल्ड चैम्पियन

## भारत पहले टी-20 मैच में 13 रन से हारा, रजा और चतारा को 3-3 विकेट

हरारे, 6 जुलाई। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के एक हफ्ते बाद भारत को जिम्बाब्वे से हार का सामना करना पड़ गया। टीम इंडिया को जिम्बाब्वे ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में 13 रन से हराया।

हरारे में भारतीय टीम 116 रन का टारगेट चेज नहीं कर सकी। टीम इंडिया के खिलाफ टी-20 इतिहास का सबसे छोटा स्कोर डिफेंड हुआ है। टीम के कप्तान सिकंदर रजा और तेंदाई चतारा ने 3-3 विकेट लिए। शनिवार को भारत ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 115 रन बनाए। विकेटकीपर क्लाइव मदांदे ने नाबाद 29 रन बनाए, उन्होंने 10वें विकेट के लिए तेंदाई चतारा के साथ 25 रन की अहम पार्टनरशिप की थी। टीम इंडिया 19.5 ओवर में 102 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कप्तान शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए। वॉशिंगटन सुंदर आखिर में 27 रन बनाकर आउट हुए। आवेश खान ने 16 रन का योगदान दिया। बाकी 8 कोई भी बैटर 7 से ज्यादा रन नहीं बना सका, हालांकि इस टीम में वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का कोई खिलाड़ी शामिल नहीं रहा।

# भांवरी-ओलिवेटी की जोड़ी विम्बलडन से हुई बाहर

